सुप्रभात
रांची, रविवार
14.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, नवमी/दशमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 298



12 अक्षय कुमार ने बदला कैप्सूल गिल का नाम

## न्यूज डायरी

### कैदी विष्णु असुर की रिम्स में इलाज के दौरान मौत

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदी विष्णु असुर (50) का रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह लोहरदगा का रहनेवाले था। विष्णु असुर 11 अप्रैल से कारा अस्पताल में इलाजरत था।

### रांची : बाइक के धक्के से युवक की मौत

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रातू-ठाकुरगांव सड़क पर मलमाडु के समीप शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में बाइक के धक्के से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक सलीम अंसारी हुरहुरी का था।

### ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, युवक की मौत

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कार्तिक उरांव चौक के समीप सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार ईशान अजहर वाहिद (12) की मौत हो गयी। वह हिंदपीढ़ी का था।

### उपचुनाव में बीजद की दीपाली दास विजयी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में झारसुगुड़ा विधानसभा उपचुनाव में सत्तारुढ़ बीजद उम्मीदवार दीपाली दास ने भाजपा के तंकाधर त्रिपाठी को 48 हजार से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से हराया है। सुश्री दास को 1,07,003 वोट हासिल हुए हैं।

### यूपी : भगवा आंधी में विपक्ष का सूपड़ा साफ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नगर निगम की सभी 17 सीटों पर भगवा लहरा दिया है। पिछले चुनाव में 16 नगर निगम में अलीगढ़ और मेरठ सपा के खाते में गयी थी। यहां की पहली नागरिक अर्चना वर्मा बनीं।

### हिंसा में शामिल नहीं हैं पीटीआई के कार्यकर्ता

**इस्लामाबाद।** जेल से रिहा होने के बाद पीटीआई प्रमुख एवं पूर्व पीएम इमरान खान ने शनिवार को पहली बार देश को संबोधित किया। कहा कि नौ मई को गिरफ्तारी के बाद देश भर में भड़की हिंसा में उनकी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं।

### टीचर को उठक बैठक कराने पर नाराजगी बढ़ी

**पाकुड़।** सदर प्रखंड के इस्लामपुर गांव में टीचर से मारपीट और उठक बैठक कराने के मामले में अन्य शिक्षक आक्रोशित हो गये हैं। शिक्षकों ने तीन दिनों के अंदर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर मांग पूरी नहीं होती तो वे आंदोलन करेंगे।

### प्रेमी से मिलकर मंगेतर ने की शौहर की हत्या

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में 8 मई को बंदरचूआं सड़क के समीप एक युवक की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी। जिसकी पहचान केरसई के रवि कुमार के रूप में हुई थी। बताते चलें कि इस घटना में उसकी मंगेतर ने ही अपने प्रेमी संग मिलकर अपने होने वाले शौहर की हत्या करवा दी थी।

### सरायकेला: ऑटो के पलटने से 11 घायल

**सरायकेला।** सरायकेला-कांड्रा मार्ग पर दुगनी कोलढीपी पेट्रोल पंप के समीप बाइक को बचाने के क्रम में ऑटो पलट गया, जिसकी वजह से ऑटो में सवार 11 लोग घायल हो गये। घायलों में 5 बच्चे भी हैं।

### कुडू सीओ को मारने की धमकी, आरोपी फरार

**लोहरदगा।** कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह को एक युवक ने जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत मिलने पर पुलिस आरोपी युवक की तलाश कर रही है। कुडू सीओ के बयान पर कुडू थाना में एक युवक पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |




# मई में ही सूख गया हुंडरू-जोन्हा फॉल


## सालों भर रहता था पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** झारखंड में प्रचंड गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया। सालों भर पानी रहनेवाल झारखंड के सुप्रसिद्ध जलप्रपात हुंडरू, जोन्हा और सीता फॉल मई में ही पूरी तरह सूख गये। हुंडरू फॉल में गिरने वाली स्वर्ण रेखा नदी व उससे मिलने वाली छोटे छोटे नाले तो पहले ही सूख चुके हैं। जानकारी के अनुसार यह दूसरा मौका है, जब हुंडरू फाल पूरी तरह पानी विहीन हो गया है। इससे पूर्व वर्ष 2017 में भी ऐसा हुआ था, जब हुंडरू फॉल पूरी तरह सूख गया था।

**हुंडरु फॉल** में सालों भर रहता था पानी। इधर गेतलसूद डैम के रेडियल गेट से नदीं में पानी नहीं छोड़ने से नदी सुख गई है। नियमतः नदी सूखने से पहले रेडियल गेट से डैम के पानी को नदी में छोड़ा जाता है ताकि नदी से सटे आसपास के गांव के ग्रामीण व मवेशियों को पानी मिल सके।

इधर, जोन्हा फॉल में गिरने वाला राढू नदी का पानी भी सूख गया है। जोन्हा के बगल में स्थित सीता फॉल भी लगभग सूख ही चुका है। नदी में पानी के सुख जाने के कारण सभी झरने वीरान हो गये हैं। आने वाले पर्यटक यहां से मायुस होकर वापस लौट रहे हैं। पर्यटकों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। पर्यटक नहीं आने से स्थानीय दुकानदारों की बिक्री प्रभावित हो गई है। उनको अपना घर परिवार चलाना काफी मुश्किल हो रहा है।




# निवेदिता की हत्या के आरोपी अंकित ने कर ली खुदकुशी

- फेसबुक पर लाइव आया और कनपट्टी पर मार ली गोली
- जिस पिस्टल से युवती को मारा था, उसी से खुद को भी मारी गोली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के वीआइपी इलाके में शुमार हरमू हाउसिंग कॉलोनी में शुक्रवार को बीबीए की छात्रा निवेदिता की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी अंकित ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सदर थाना पुलिस ने शनिवार को अयोध्यापुरी के एक मकान से अंकित का शव बरामद किया है। खुद को गोली मारने से पूर्व अंकित फेसबुक पर लाइव हुआ और खुद को शूटआउट कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से अंकित का पिस्टल और मोबाइल जब्त कर लिया है।

**नवादा का ही रहनेवाला था आरोपी :** आरोपी अंकित नवादा का ही निवासी था। निवेदिता के पिता सिद्धेश्वर प्रसाद पटना बीएन कॉलेज के केमिस्ट्री के प्रोफेसर हैं। उन्होंने निवेदिता नयन को डेढ़ साल पहले रांची पढ़ने के लिए भेजा था। निवेदिता के रांची आने के बाद अंकित भी उसके पीछे-पीछे रांची आ पहुंचा और निवेदिता के हॉस्टल के ठीक पास ही रूम लेकर रहने लगा। निवेदिता-अंकित में नवादा से ही दोस्ती थी। रांची में कई जगह दोनों एक साथ देखे भी गये थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों की दोस्ती में दरार आ गया। आपसी सुलह के लिए निवेदिता से अंकित बातचीत की कोशिश में था, लेकिन सफल नहीं हो पा रहा था। निवेदिता के लगातार इग्नोर करने के बाद अंकित ने उसे मार डाला।





**... तुम बात क्यों नहीं करती, फिर मार दी गोली :** अंकित शुक्रवार की शाम निवेदिता का पीछा कर रहा था। निवेदिता सहेली सृष्टि के साथ हरमू बाजार गयी थी। शाम सवा छह बजे के बाद हॉस्टल लौट रही थी। हॉस्टल से 50 मीटर दूर जब वह पहुंची, उसी दौरान अंकित उसके पास पहुंचा। उसने निवेदिता से कहा कि वह उससे बात क्यों नहीं कर रही है? निवेदिता ने उसकी बात का कोई जवाब नहीं दिया। इसी दौरान अंकित ने पिस्टल तान कर उसे गोली मार दी। एक गोली निवेदिता की आंख में लगी, जबकि दो गोली छाती में। वहीं गोली छिटकने से उसकी सहेली सृष्टि भी जख्मी होकर सड़क पर गिर गयी।

# कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत, जीतीं 136 सीटें

- कर्नाटक में 34 साल बाद पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार
- राहुल ने कहा- पांच वादे पहली कैबिनेट बैठक में पूरे करेंगे
- खड़गे बोले- दक्षिण भारत अब भाजपा मुक्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव 2023 में हाथ को लोगों का साथ मिला तो भाजपा का किला ताश के महल की तरह ढह गया। कर्नाटक में कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। शनिवार को आये विधानसभा चुनाव के नतीजों में पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया। कांग्रेस को रिकॉर्ड 42.9 प्रतिशत वोट मिले हैं। यह पिछले 34 साल में कर्नाटक में चुनाव जीतने वाली किसी भी पार्टी को मिला सर्वाधिक है। कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिल गयी है।

चुनाव आयोग के अनुसार कर्नाटक चुनाव में 136 सीटों पर कांग्रेस की भारी जीत हुई है। भाजपा 65 सीटों पर पर सिमट कर रह गयी। वहीं जेडीएस को 19 और चार सीटें अन्य के खाते में गयी हैं। कांग्रेस की इस प्रचंड जीत से पार्टी उत्साहित है। देश भर में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। इस जीते बाद बेंगलुरू में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि दक्षिण भारत अब भाजपा मुक्त हो गयी। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में पांच वादे पूरे करेंगे। वहीं पीएम मोदी ने कांग्रेस की जीत पर उन्हें बधाई दी और कहा- मैं उन्हें जनता की उम्मीदों को पूरा करने की शुभकामनाएं देता हूं। (शेष पेज 11 पर)



**पीएम ने दी बधाई :** पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, 'मैं कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए बधाई देता हूं। मैं उन्हें जनता की उम्मीदों को पूरा करने की शुभकामनाएं देता हूं। पीएम ने साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं को भी ढाढस बंधाया। उन्होंने ट्वीट किया कि मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने कर्नाटक चुनाव में भाजपा का समर्थन किया। मैं पार्टी नेताओं- कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को सलाम करता हूं। आने वाले समय में हम कर्नाटक की अब और ज्यादा तत्परता से सेवा करेंगे। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी ने पार्टी के लिए जमकर प्रचार किया था।

**नफरत का बाजार बंद - राहुल**
कर्नाटक में कांग्रेस बड़ी जीत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गरीब लोगों ने कर्नाटक में क्रोनी पूंजीपतियों को हरा दिया। हमने इस लड़ाई को नफरत से नहीं लड़ी। नफरत का बाजार अब पूरी तरह बंद हो गया। उन्होंने कर्नाटक की जनता, कांग्रेसी नेताओं और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। दक्षिण भारत के इस राज्य में नफरत का बाजार बंद हो गया है और मोहब्बत की दुकानें खुली हैं। कर्नाटक की गरीब जनता की शक्ति ने सांठगांठ वाले पूंजीवादियों की ताकत को हरा दिया है।

**भारत जोड़ो यात्रा का दिखा असर :** कर्नाटक में मिली जीत पर कांग्रेस ने राहुल गांधी का जो वीडियो जारी किया है, उसमें उन तस्वीरों की झलक नजर आ रही है, जो नेता की देशव्यापी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ली गयी थी। गौरतलब है कि राहुल गांधी की कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा कश्मीर में जाकर समाप्त हुई थी। 4 महीने में तकरीबन तीन हजार किमी से भी लंबी इस यात्रा को राहुल गांधी ने पैदल ही पूरा किया था।

**सीएम की रेस में सिद्धरमैया :** करीब ढाई दशक तक जनता परिवार से जुड़े रहे और कांग्रेस-विरोधी रुख के लिए पहचाने जाने वाले सिद्धरमैया 2006 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और अब उन्हें कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद का सबसे प्रबल दावेदार माना जा रहा है। कांग्रेस के 75-वर्षीय नेता सिद्धरमैया शनिवार को जब मैसूर में खचाखच भरे संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे तो वह नई ऊर्जा से लबरेज नजर आये। सिद्धरमैया ने कहा, यह 2024 में कांग्रेस की जीत की ओर महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस वरिष्ठ नेता ने पूर्व में कई बार कहा था, यह मेरा अंतिम चुनाव है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: 83,000 से ज्यादा मामले हुए निष्पादित

- कुल7.5 करोड़ समझौता राशि की वसूली, तीन जजों ने किया निरीक्षण
- हाईकोर्ट के तीन जजों ने सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत लगायी गयी। इसमें 83 हजार से ज्यादा मामले निष्पादित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर, न्यायाधीश राजेश कुमार और न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी लोक अदालत की गतिविधियों को देखने के लिए सिविल कोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये।



### लोक अदालत से पहले कार्यक्रम का उद्घाटन

राष्ट्रीय लोक अदालत प्रारंभ होने से पहले रांची सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का औपचारिक उदघाटन हुआ। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रशिकेष कुमार, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश संजीता श्रीवास्तव, पीओ, एमएसीटी मनीष, सचिव डालसा राकेश रंजन, अध्यक्ष रांची जिला बार एसोसिएशन शंभू प्रसाद अग्रवाल, सचिव, जिला बार एसोसिएशन रांची संजय विद्रोही आदि उपस्थित थे।

### ₹7.5 करोड़ से अधिक समझौता राशि की वसूली

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 23 बेंच एवं कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 83 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया, जिसमें 7.5 करोड़ से अधिक रुपये की समझौता राशि की वसूली विभिन्न वादों में की गई। इसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के वादों का निष्पादन भी शामिल है।

### विदेश से भटकी बच्ची को भेजने का प्रयास

**धनबाद।** करीब चार महीने पहले विदेश से भटककर झारखंड के धनबाद पहुंची बच्ची को वापस उसके देश भेजने की तैयारी शुरू हो गयी है। दरअसल, विदेश से एक बच्ची भटककर झारखंड के धनबाद जिले में पहुंच गयी है। मामले की जानकारी पुलिस के माध्यम से बाल कल्याण समिति को मिली। बाल कल्याण समिति के अथक प्रयास के बाद अब उस बच्ची को अपने घर भेजने की कवायद शुरू हो गयी है।

### झारखंड से बिहार-बंगाल तक चलेगा बोट एंबुलेंस

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले से बोट एंबुलेंस की सुविधा शुरू की जा रही है। इस बोट एंबुलेंस के जरिए जिले के लोग बिना किसी खर्च के इलाज के लिए बिहार और पश्चिम बंगाल जा सकते हैं। ये सुविधा झारखंड के साहिबगंज जिला प्रशासन द्वारा शुरू की जा रही है। 15 मई को इसका शुभारंभ किया जायेगा।

## कर्नाटक की जनता ने जुमलेबाजों को आइना दिखाया

# अहंकारी भाजपा की उल्टी गिनती शुरू : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम पर कहा कि अहंकारी भाजपा की अब उलटी गिनती शुरू हो गयी है। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत वहां की जनता और कांग्रेस के नेताओं को को बधाई दी है। सोशल मीडिया के जरिये शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा है कि देश में फूट डालो, राज करो की राजनीति अब खत्म होने वाली है। सीएम ने कहा है कि कर्नाटक की जनता ने अहंकारी और जुमलेबाजी सरकार को आईना दिखा दिया है। यह समय परिवर्तन का है।

### 27 को बैठक में भाग लेने सीएम जायेंगे दिल्ली

नीति आयोग शासी निकाय की 27 मई को नयी दिल्ली में होनेवाली बैठक में भाग लेने सीएम हेमंत सोरेन दिल् ली जायेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह राज्य सरकार की ओर से मांग और पक्ष प्रस्तुत करेंगे। शासी निकाय में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री सदस्य होते हैं। राज्य योजना विभाग ने सभी विभागों से नीति आयोग निकाय की बैठक रखे जाने वाले विभागीय मांग पत्र देने के लिए पत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बैठक को लेकर केंद्रीय कैबिनेट सचिव 18 मई को सभी राज्यों के मुख्य सचिव के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करेंगे। इसके अलावा अक्टूबर-नवंबर में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों का कॉन्फ्रेंस होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक के लिए भी कैबिनेट सचिव 18 मई को मुख्य सचिवों के साथ बातचीत करेंगे।



## आज दस्तक देगा चक्रवात मोचा, आसमान से दिखी भयावह तस्वीर


# भारत से लेकर बांग्लादेश, म्यांमार तक दहशत में लोग

एजेंसी

**ढाका, कोलकाता।** चक्रवात मोचा भारत के राज्य पश्चिम बंगाल से होता अब बांग्लादेश और म्यांमार की तरफ बढ़ चला है। इस तूफान की वजह से दोनों ही देशों में काफी दहशत है और एजेंसियां अलर्ट पर है। डब्ल्यूएमओ के प्रवक्ता क्लेयर नुलिस ने जिनेवा में एक प्रेसवार्ता में कहा, यह एक बहुत ही खतरनाक चक्रवात है और यह तेज हवाओं से जुड़ा है...। चक्रवात के दस्तक देने और उसके बाद लाखों लोगों पर काफी प्रभाव होगा। लगभग दो दशकों में बांग्लादेश में देखे गये सबसे शक्तिशाली चक्रवातों में से एक चक्रवात मोचा के रविवार को बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के पास दस्तक देने का पूवार्नुमान जताया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने को बताया, हमारे दक्षिण-पूर्वी समुद्र तटों से लाखों लोगों को निकालने के निर्देश जारी किये हैं। इस बीच इसकी एक सैटेलाइट तस्वीर सामने आयी है जिसमें पता लगता है कि यह तूफान कितना खतरनाक है। (शेष पेज 11 पर)

### हजारों लोगों को तट से ले जाया गया दूर

म्यांमार के पश्चिमी तट से हजारों लोग भाग गये हैं और बांग्लादेश में अधिकारियों ने शनिवार को रोहिंग्या शरणार्थियों को निकालने के लिए जान लगा दी है। एक दशक से अधिक समय तक इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली चक्रवात बंगाल की खाड़ी में चला गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, चक्रवात मोचा की वजह से 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। कॉक्स बाजार, जहां करीब दस लाख रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में रहते हैं, जो बड़े पैमाने पर अस्थिर आश्रयों से बने हैं। वहीं, म्यांमार के पश्चिमी रखाइन तट पर सितवे के बीच लैंडफॉल बनाने से पहले इसके कमजोर होने की उम्मीद है।



### चटगांव में हालात खतरनाक

बांग्लादेश के मौसम कार्यालय के नवीनतम विशेष मौसम बुलेटिन में दक्षिणपूर्वी चट्टगांव और कॉक्स बाजार के समुद्री बंदरगाहों को बहुत खतरनाक संकेतक नंबर आठ की घोषणा की गयी है। मौसम विभाग ने कहा कि बेहद खतरनाक चक्रवाती तूफान मोचा उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण 175 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने इससे पहले शुक्रवार को सप्ताहांत में 2-2.5 मीटर ऊंची लहर उठने की आशंका जतायी थी, जिससे उत्तरी म्यांमार के निचले इलाकों के साथ-साथ बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में बाढ़ आने के साथ ही भूस्खलन की भी आशंका है।

# झारखंड नेत्र सोसाइटी को मिला देश की श्रेष्ठ सोसाइटी सम्मान



- डॉ भारती कश्यप को मेट्रो मैन श्रीधरण, डॉ हरबंश लाल, डॉ ललित वर्मा ने किया सम्मानित

**रांची (खबर मन्त्र)।** कोच्चि में आयोजित ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के 80वें वार्षिक सम्मलेन में झारखंड नेत्र सोसाइटी को ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी की ओर से बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। मेट्रो मैन श्रीधरण और ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा के संयुक्त रूप से साइंटिफिक एवं एजुकेशनल गतिविधियों के लिए दी जाने वाली इस अति विशिष्ट ट्रॉफी को मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरपर्सन डॉ भारती कश्यप ने ग्रहण किया। डॉ भारती कश्यप ने बताया कि झारखंड से मैनेजमेंट कमेटी सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाने का निर्देश दिया था।

(शेष पेज 11 पर)

# कर्नाटक की जनता ने केंद्र की अहंकारी सरकार को दिखाया आइना : बन्ना गुप्ता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कर्नाटक की जनता ने केंद्र की अहंकारी और जुमले बाजी की सरकार को आईना दिखा दिया है, यह समय परिवर्तन का हैं, अब केंद्र सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, देश की जनता और बजरंगबली का आशीर्वाद कांग्रेस पर यह स्पष्ट हो गया है।

बन्ना गुप्ता ने कहा है कि कर्नाटक की जनता ने नौटंकी और नफरत के गाल पर तमाचा मारा है। बजरंगबली ने भी भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार की लंका में आग लगा दी है। यह चुनाव 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है। लोकसभा चुनाव में देश की जनता कांग्रेस को अपना पूर्ण समर्थन देगी।

# कर्नाटक की जनता ने विधानसभा चुनाव में फासिस्ट भाजपा सरकार को हराया: भाकपा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कर्नाटक की जनता को बधाई देते हुए कहा है कि देश के सबसे बड़ी फासिस्ट पार्टी के कारवां को कर्नाटक की जनता ने रोक दिया। झूठ, फरेब, धर्मांधता, धार्मिक उन्माद फैलाकर देश की सत्ता पर आई भारतीय जनता पार्टी लगातार देश में फासीवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्माद फैलाकर नफरत के माहौल बनाने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी ने की जिसे कर्नाटक की जनता ने नकार दिया। 2024 में भाजपा को हराने के लिए देश की तमाम विपक्षी पार्टियां कर्नाटक की जनता से सीख लेकर आगे आएगी और जन आंदोलन के माध्यम से भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी।

## झारखंड कांग्रेस में जश्न, कार्यालय में गूंजा 'जय बजरंगबली, तोड़ दे नफरत की नली' का नारा

# कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर जताया विश्वास भाजपा के नफरती एजेंडे को नकाराः राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आने के बाद शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने खुशी मनायी। जय बजरंगबली, तोड़ दे नफरत की नली के नारों से प्रदेश कार्यालय गुंजायमान था। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने रिश्वतखोर भाजपा की सरकार को शिकस्त दी है। एक बार फिर वहां की जनता ने कांग्रेस पार्टी के ऊपर विश्वास जताया है, पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए कर्नाटक की जनता का आभार। कर्नाटक का परिणाम यह साबित कर दिया कि राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की और देश की जनता को नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का पैगाम दिया था उसका असर कर्नाटक में देखने को मिला।

राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में भाजपा एक बार फिर से नफरती एजेंडा लेकर मैदान में उतरी थी, लेकिन वहां की समझदार जनता ने भाजपा के नेताओं की बातों पर रत्ती बराबर भी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी और शाह जी ने जहां जहां रैलियां की, वहां भाजपा हारी है। इसका मतलब साफ है कि देश की जनता अब भाजपा को सत्ता में देखना नहीं चाहती है।

विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि देश में कांग्रेस के पक्ष में अब हवा बहनी शुरू हो गई है। कर्नाटक की जनता ने इसका संकेत दे दिया है। अब जिस भी राज्य में चुनाव होगा वहां कांग्रेस की जीत का परचम लहराता नजर आएगा। कर्नाटक के चुनाव का असर 2024 के लोकसभा इलेक्शन में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता ने यह जता दिया कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो लोकतंत्र की हिफाजत कर सकती है।

मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, विधायक दीपिका पांडे सिंह, अनूप सिंह, पूर्व विधायक ममता देवी, महासचिव विनय सिंहा दीपू, राकेश सिन्हा, रविंदर सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, रमा खलखो, गजेंद्र सिंह, शशि भूषण राय, शमशेर आलम, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर, नरेश वर्मा, बेलश तिर्की, राखी कौर, नीतू देवी, कविता देवी, सुभद्रा महली, नीलम सहाय, सनिता सिन्हा, रेखा सनगा, सगीता कुमारी, जयनाथ साहू, अजय जैन, केदार पासवान, पप्पू अजहर, आलोक तिवारी, मेहुल प्रसाद, गौरव सिंह, राखी प्रियदर्शिनी, डॉ समीर निरंजन, सलीम खान, निरंजन पासवान, वारिश कुरैशी, पप्पू अजहर, रजनीश साहू, प्रिंस भट्ट, सदाब खान, अख्तर अली शामिल थे।

## कर्नाटक में मोहब्बत की हुई है जीत : सुप्रियो भटटाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि वहां की जनता ने नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल दी है। मोहब्बत की जीत हुई है और नफरत की हार हुई है। कर्नाटक के नतीजों ने ये बता दिया है कि भारत टूटने वाला नहीं है।

### राज्यपाल का बांग्ला सांस्कृतिक मेले का उद्घाटन नहीं करना राजनीति से प्रेरित

जेएमएम के महासचिव और बांग्ला सांस्कृतिक मेले के संयोजक सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बांग्ला सांस्कृतिक मेला के उद्घाटन में नहीं आने को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि ये एक पारिपाटी रही है और झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार और द्रौपदी मूर्मू तक जो कि इस समय देश की राष्ट्रपति हैं, सबने इस मेले का उद्घाटन किया, लेकिन वर्तमान राज्यपाल नहीं आए। राजभवन में गुजरात और महाराष्ट्र दिवस का आयोजन होता है, जो कि अच्छी बात है, हम सभी संस्कृतियों का सम्मान करते हैं। लेकिन बांग्ला मेले में वे नहीं आए।

# भारत जोड़ो अभियान के साथ है जनता : सुबोधकांत सहाय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की भारी जीत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक की जनता ने सांप्रदायिक शक्तियों को नकार दिया है। चुनाव परिणाम से पूरे देश में कर्नाटक की जनता ने यह संदेश दिया कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान के साथ जनता कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। श्री सहाय ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम से देश में एक नया संदेश संप्रेषित हुआ है कि धर्म की आड़ में राजनीति करने वालों की दाल नहीं गलने वाली। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी देश की जनता ने सांप्रदायिक ताकतों को शिकस्त देने का मन बना लिया है।

उन्होंने कहा है कि भाजपा से जनता का मोहभंग हो चुका है। भाजपा के चाल, चेहरे और चरित्र से जनता पूरी तरह वाकिफ हो चुकी है। आने वाले चुनाव में देश की जनता कांग्रेस पार्टी को अपना पूर्ण समर्थन देगी।

### कैबिनेट में आ सकता है प्रस्ताव, अक्टूबर-नवंबर तक निकाय चुनाव संभव

# राज्य में नगर निकाय चुनाव : ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग का गठन जल्द

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए जल्द आयोग का गठन होगा। सूत्रों ने उम्मीद जतायी है कि कैबिनेट की अगली बैठक में आयोग गठन करने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद डेढ़ से दो महीने में कमीशन अपनी सिफारिश सरकार को सौंपेगी। इसके बाद राज्य सरकार चुनाव कराने का फैसला लेगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो इसी साल अक्टूबर-नवंबर तक राज्य में नगर निकाय चुनाव हो जायेंगे। हाईकोर्ट के किसी सीटिंग या रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमीशन बनायी जा सकती है।

**यूपी-बिहार में 2 से 3 महीने में आयोग ने दी थी रिपोर्ट :** राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण और कमीशन गठन उत्तर प्रदेश और बिहार की तर्ज पर कर सकती है। यूपी ने जनवरी 2023 में ट्रिपल टेस्ट के लिए कमीशन बनाया था, जिसने 75 जिलों का सर्वे कर 2 महीने 10 दिन में रिपोर्ट सौंप दी थी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि झारखंड को भी 24 जिलों का सर्वे करने में डेढ़ से 2 महीने से ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**राज्य के 48 निकायों में कराया जाना है चुनाव :** सरकार राज्य में जल्द निकाय चुनाव कराना चाहती है। अगर निकाय चुनाव जल्द नहीं हुए तो राज्य को 15वें वित्त आयोग की मदद से वंचित होना पड़ सकता है। शहरी निकायों के विकास के लिए झारखंड ने करीब 1600 करोड़ रुपये का दावा वित्त आयोग से किया है। झारखंड में 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जाना है। 34 निकायों का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो चुका है, जबकि 13 निकायों में पिछले 3 साल से चुनाव लंबित है।

## खबर एक नजर में

### हाई कोर्ट के न्यायाधीश एस चंद्रशेखर बने राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एस. चंद्रशेखर को राज्य विधिक सेवा प्राधिकार का कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर योगदान की तिथि से अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है। झारखंड राज्यपाल के आदेश के बाद कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने अनुशंसा की थी।

### आलोक चौरसिया और के एन. त्रिपाठी के बीच बहस पूरी, अब 19 मई को होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। अब कुछ कानूनी पहलू पर सुनवाई के लिए अगली सुनवाई 19 मई निर्धारित की गई है। मामले में विधायक आलोक चौरसिया की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जैक कोई कार्रवाई या आदेश पारित करता है तो उसे न्यायालय में चुनौति नहीं दी जा सकती। आलोक चौरसिया की ओर से कहा गया कि जैक ने उनके जन्मतिथि में संशोधन कर दिया है और वह अब ठीक हो चुका है इसलिए उसे किसी भी अदालत में चैलेंज नहीं किया जा सकता है, तो फिर इलेक्शन पिटिशन में कैसे इसे चुनौती दी जा सकती है। प्रार्थी केएन त्रिपाठी का आरोप है कि आलोक चौरसिया ने अपने जन्मतिथि में बदलाव किया है, जबकि आलोक चौरसिया के जन्मतिथि में जो बदलाव हुआ है, वह जैक के अधिकार क्षेत्र में आता है, जैक को जन्म तिथि में सुधार करने का कानूनी शक्ति प्राप्त है।

दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे। इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए।

### बिलो द बेल्ट हमला न करे भाजपा, ट्रोल आर्मी से झामुमो को आता है निपटना : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने अपने वायरल वीडियो को लेकर भाजयुमो नेता अमन जायसवाल के खिलाफ थाने में शिकायत करने के बाद शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी और प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने अपने कार्यकर्ताओं को नफरत की भाषा का प्रशिक्षण दिया है। इन तीनों वरिष्ठ नेताओं को इस मामले में सामने आकर वक्तव्य देना होगा, नहीं तो भाजपा के ट्रोल आर्मी से कैसे निपटना है, झामुमो को आता है। सुप्रियो ने कहा कि हमने राजनीतिक विरोधियों पर कभी भी बिलो द बेल्ट प्रहार नहीं किया है, लेकिन ऐसी चीजें होंगी, तो जवाब उसी तरह मिलेगा।

**वीडियो का गलत इस्तेमाल कर चरित्र हनन की कोशिश :** सुप्रियो ने कहा कि उनका जो वीडियो वायरल किया गया है, वह उस वक्त का है, जब वे बीमार थे। इसी दौरान नामकुम में रहने वाले वैद्य संतोष कुमार के क्लिनिक में भी गये थे। संतोष ने इस दौरान वीडियो बनाया था, लेकिन बगैर उनकी जानकारी के वीडियो सोशल मीडिया में उन्होंने साझा किया। इसी वीडियो को 11 मई को भाजपा नेता अमन जायसवाल ने अपने फेसबुक में पोस्ट किया। इस पोस्ट पर भाजपा के लोगों ने झामुमो नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

# शूटिंग प्रतियोगिता में 40 दारोगा फेल, फिर देंगे परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के 40 दारोगा फायरिंग के दौरान अपने लक्ष्य को भेद नहीं सके। सीमित परीक्षा से नियुक्त 389 दरोगा को पुलिस अकादमी हजारीबाग में प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। जिनमें फर्स्ट सेमेस्टर और सेकेंड सेमेस्टर में 130 दरोगा फेल हो गये। इनमें 40 दारोगा ऐसे हैं जो फायरिंग में लक्ष्य को भेद नहीं सके। इन दारोगा का 22 मई से 27 मई तक फिर से प्रशिक्षण होगा।

**निशाना से चूकनेवालों की सूची :** राजेश्वर पासवान, ललन रविदास, देवानंद प्रसाद, तेज प्रताप सिंह, कामू पासवान, शशि शेखर कुमार, प्रवीण कुमार, मुनेश तिवारी, वाहिद अंसारी, भजन लाल महतो, भारत रंजन पाठक, राजेश कुमार यादव, मनोज कुमार पाल, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार, अजय कुमार यादव, रंजीत उरांव, राम सरीख तिवारी, राजीव कुमार, रामदुलाल नंदी, अखिलेश कुमार यादव, चंद्रदेव कुमार मांझी, शंकर राम, श्रृष्टिधर महतो, रूपलाल यादव, देवानंद राणा, श्याम लाल यादव, हेमंत सिंह भोक्ता, रोजलिना हांसदा, अनिता सोरेन, दुर्गा तिर्की, महेंद्र बैठा, निलेश कुमार रंजन, ललिता कुजुर, हेमा कुमारी, मनोज भगत, सुषमा कुजुर, लालदेव उरांव, विजय कुमार और प्रभुनाथ प्रसाद शामिल हैं।

# माओवादियों से हथियार बरामदगी के खिलाफ तय किये आरोप में जल्द किया जायेगा सुधार

**कोर्ट के आदेश पर तीन में से दो आरोपी नहीं पहुंचा, मई 2018 में पहली बार किया गया था आरोप तय**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड से जुड़े एनआईए के पहले मामले में ट्रायल फेस कर रहे आरोपियों के खिलाफ तय आरोप में सुधार किया जायेगा। एनआईए की विशेष अदालत ने इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। यह मामला हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सिलोधर जंगल में माओवादियों से जब्त विदेशी हथियारों से जुड़ा है। एनआईए ने इस मामलों के 17 सितंबर 2012 को टेक ओवर किया था। अनुमति के बाद मामले के तीनों आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया था। जमानत पर चल रहा दो आरोपी पटना दानापुर के प्रफुल्ल मालाकार व गया के इमामगंज निवासी अनिल कुमार यादव निर्धारित तारीख को अदालत नहीं पहुंचा। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए दोनों की जमानत रद्द कर दी है। साथ ही अदालत ने आरोप गठन की अगली तारीख 17 मई निर्धारित की है।

मालूम हो कि एनआईए की ओर से मामले में 84 से अधिक गवाहों को प्रस्तुत कर चुका है। मामले में आरोपियों के खिलाफ मई 2018 में आरोप तय किया गया था। मामले में नये सिरे से आरोप गठन के बाद आगे साक्ष्य प्रस्तुत किया जाएगा। तीनों पर उग्रवादी संगठन के सदस्य होने तथा भारतीय राज्य सरकारों के साथ युद्ध करना और अमेरिकी हथियारों को रखने का आरोप है।

### क्या है मामला

विदेशी हथियार बरामदगी मामले में सबसे पहले हजारीबाग के चौपारण थाना में 29 अगस्त 2012 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद एनआईए ने टेक ओवर किया। सिलोधर जंगल से मेड इन यूएस, की एम 16 राइफल, 14 कारतूसए नाइन एमएम की एक देसी पिस्तौल, नाइन एमएम के दो एफ कारतूस, 5.56 एमएम की राइफल, इसका एक एमटी मैग्जीन समेत अन्य हथियार बरामद किया गया था। इन हथियारों को दिल्ली स्थित सीएफएसएल में जांच की गई थी।


**कार्यालयः जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा**
**नए समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक ग्राउण्ड फ्लोर, खूंटीटोली, सिमडेगा**
E-mail ID :rmsasimdega@gmail.com Phone/Fax: 06525.225016

**अति आवश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अंतिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लंबित अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ कार्यालय को प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवसीय/जाति प्रमाण पत्रों की जाँच/काउन्सेलिंग हेतु तिथि निर्धारित की गई है जो निम्नवत है:–

| क्र | तिथि एवं समय | काउन्सेलिंग का विषय | काउन्सेलिंग का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 13.05.2023 10:00 बजे | हिन्दी/गणित/भौतिकी/भूगोल/संगीत/गृह विज्ञान | जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, सिमडेगा प्रकोष्ठ |

अनुशंसित अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों कि दो प्रति स्वअभिप्रमाणित करते हुए उक्त निर्धारित तिथि एवं स्थल पर ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 297366Primary Education(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या 02/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 22.05.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 23.05.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 23.05.2023 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :– | DMFT मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डुमरी | डुमरी प्रखण्ड में कस्तूरबा गाँधी बालीका विद्यालय, डुमरी में किचेन शेड एवं डाइनिंग हॉल का निर्माण कार्य। | 24,99,500.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 03 माह |
| 2 | रायडीह | गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड परिसर में पुस्तकालय भवन हेतू पी०सी०सी० पथ एवं डीप बोरिंग का निर्माण कार्य। | 7,84,000.00 | 15,700.00 | 1,250.00 | 03 माह |

**निविदा की शर्तेः**– 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।
2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
**जो निम्न हैः**– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।
3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.297322 Rural Development(23-24):D — कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।


## जून में नये हाइकोर्ट बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्य शुरू होने की संभावना

# देश के पहले ग्रीन हाइकोर्ट भवन का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति!

उदय चौहान




**रांची।** देश का पहला ग्रीन भवन हाइकोर्ट का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसके लिए झारखंड हाइकोर्ट ने उन्हें आमंत्रित किया है। इसकी तैयारी के लिए राज्य सरकार एवं हाइकोर्ट के स्तर पर जोर-शोर से कार्य हो रहा है। जानकारी के अनुसार धुर्वा के तिरिल मौजा में 165 एकड़ जमीन पर झारखंड हाइकोर्ट की न्यू बिल्डिंग का कार्य पूरा हो चुका है। इस ग्रीन भवन में टेबल-कुर्सी सहित 2000 एडवोकेट्स के बैठने की पूरी व्यवस्था रहेगी। एक हॉल में 1000 से अधिक एडवोकेट्स बैठेंगे। यहां 25 वातानुकूलित कोर्ट रूम होंगे। नये हाइकोर्ट भवन में बचे हुये कार्य युद्धस्तर पर पूरा करने का प्रयास हो रहा है। राज्य सरकार उक्त बिल्डिंग को जल्द ही हाइकोर्ट प्रशासन को हैंडओवर करेगी। न्यू बिल्डिंग के हैंडओवर होने के बाद झारखंड हाइकोर्ट के ऑफिस आदि को शिफ्ट किया जायेगा। संभवतः यह शिफ्टिंग छुट्टियों के समय की जायेगी। शिफ्टिंग के दौरान हाइकोर्ट के अधिकारियों-कर्मियों की छुट्टी भी रद्द रहेगी। यदि सब कुछ ठीक रहा तो गरमी छुट्टी के बाद हाइकोर्ट का कार्य धुर्वा स्थित न्यू बिल्डिंग से शुरू होने की पूरी संभावना है।

बता दें कि 9 फरवरी 2013 को सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस अल्तमस कबीर ने बिल्डिंग की आधारशिला रखी गयी थी लेकिन न्यू ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण कार्य 18 जून 2015 से शुरू किया गया था। इसे दिसंबर 2017 में पूरा होना था लेकिन कई कारणों से बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश पर भवन निर्माण विभाग द्वारा बिल्डिंग के डीपीआर को पुनः संशोधित किया गया। जिसके बाद अधूरे निर्माण को पूरा करने का कार्य शुरू किया गया।

**क्या है न्यू हाइकोर्ट बिल्डिंग में :** ग्रीन बिल्डिंग आठ एकड़ भूमि पर लगभग 10 लाख वर्ग फीट में बनाया गया है। 25 कोर्ट रूम, हाइकोर्ट रजिस्ट्री शाखा ऑफिस, एडवोकेट्स हॉल, एडवोकेट्स चेंबर, सीनियर एडवोकेट्स चेंबर, एजी ऑफिस आदि बनाया गया है। सीनियर एडवोकेटस सहित सभी एडवोकेटस के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। इसके लिए कोर्ट बिल्डिंग के आगे दायें-बायें दो ब्लॉक बनाया गया है। दोनों ब्लॉक में 288-288 चेंबर कुल 576 एडवोकेटस चेंबर बनाये गये हैं। दोनों ब्लॉक के ग्राउंड फ्लोर में सीनियर एडवोकेटस के लिए नौ फीट गुणा 12 फीट, अलग से अटैच कीचन व टॉयलेट भी का 76 चेंबर बनाया गया है। अन्य एडवोकेटस के लिए 11 फीट गुणा 12 फीट का चेंबर बनाया गया है। एडवोकेटस के बैठने के लिए दोनों ब्लॉक में एक-एक बड़ा हॉल बनाया गया है। हाइकोर्ट के नये बिल्डिंग में चीफ जस्टिस का कोर्ट रूम सबसे अंतिम हिस्से में बनाया गया है। इस कोर्ट रूम का क्षेत्रफल अन्य कोर्ट रूम से सबसे अधिक है। यह कोर्ट रूम 80 फीट लंबा, 65 फीट चौड़ा व 40 फीट ऊंचा है।

# बनहौरा में पीएम आवास के लिए पत्थर हटाने को 64.81 लाख रुपये स्वीकृत

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** पंडरा स्थित बनहौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से बनाये जा रहे आवास योजना में वहां पर स्थित पत्थर काटकर हटाये जाने व दीवार बनाने के लिए प्राक्कलित राशि से अतिरिक्त 64.81 लाख रुपये की योजना की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद नगर विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। केंद्र प्रायोजित इस योजना के तहत बनहोरा में 180 पीएम आवास शहरी से निर्माण स्वीकृत हुआ था। इसके तहत बनहौरा 2 एकड़ जमीन आवंटित की गयी थी, जिसमें आवास बनना था। राज्य सरकार ने 13 करोड़ से अधिक की लागत तक की योजना की स्वीकृति के लिए राशि का प्रावधान रखा था। तय डीपीआर के अनुसार रांची नगर निगम ने लगभग 11 करोड़ की लागत से इसपर एमओयू किया। काम प्रारंभ होने के वक्त यह बात सामने आयी कि अधिकारियों की गलत से जो भूमि पीएम आवास के लिए चिंहित्त की गयी और परामर्शी को दिखायी गयी वह दूसरी थी। ऐसे में इसका डीपीआर ही गलत बन गया। बाद में सीओ ने इसके निर्माण के लिए भूमि का फिर से चयन के लिए भेजा कहा कि वहां से पत्थर हटाने के लिए अधिक पैसे की जरूरत होगी।

साथ ही चहारदीवारी में भी अधिक राशि की जरूरत होगी। पूरे मामले को नगर विकास विभाग की चीफ इंजीनियर के पास भेजा गया, उन्होंने सक्षम प्राधिकार से स्वीकृति लेकर इसका निर्माण कार्य करने की सलाह दी। इसके बाद सारी प्रक्रिया पूरी कर कैबिनेट की मंजूरी ली गयी थी।

## लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में किया गया जागरूक

### हेलमेट का भी किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मानव परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वावधान में शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधि जानकारी एवं प्रावधानों को बता कर नियम पालन के लिए जगह-जगह पर कैंप लगाकर जागरूकता करने का कार्य किया जा रहा है। रांची के चांदनी चौक कांके में एक कैंप लगाकर लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दी गयी। लोगों को हेलमेट पहनने के फायदे और न पहनने के नुकसान से अवगत कराया गया। कुछ लोगों को निःशुल्क हेलमेट भी दिया गया। संस्था के अध्यक्ष मनोज ठाकुर के अलावा ट्रैफिक हवलदार मो. समीम खान, गुड्डू कुमार, राजेश जैन एवं उनके सहयोगी मृणाल कांति अग्रवाल इस अभियान के सहभागी रहे।

## श्री चैती दुर्गा मंदिर परिसर में निरंतर जारी है सेवा कार्य



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुतहा तलाब में शनिवार को प्रसाद वितरण किया गया। श्री चैती दुर्गा दुर्गा मंदिर के कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू सिंह की बड़ी पुत्री कुमारी कृति के जन्मदिन के शुभ अवसर पर यह भोग लगाया गया। श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर के प्रांगण में माता रानी का प्रसाद महा भंडारे के रूप में वितरण किया गया। इसमें खिचड़ी, अचार, बुंदिया, हलवा, चीप्स और आलू चोखा वितरण की गई। इसमें मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह, नंद किशोर सिंह चंदेल, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा उपस्थित थे।

## निर्मला कॉन्वेंट में समर कैंप का आगाज, बच्चों की मस्ती

### बच्चों में नई ऊर्जा तथा आत्मविश्वास भरने का एक अच्छा माध्यम है समर कैंप : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में शनिवार से चार दिनी समर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप 16 मई तक चलेगा। कैंप के पहले दिन विद्यालय में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा सप्तम तक के बच्चों को योगा कंपटीशन के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट तथा डांस के बारीकियों को बताया और सिखाया गया। इस समर कैंप के पहले दिन के कार्यक्रम ने बच्चों को ऊर्जा, उत्साह के साथ हर्ष और खुशियों से सराबोर कर दिया गया। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा विद्यालय ने बताया कि समर कैंप न सिर्फ मनोरंजन का स्रोत है बल्कि फिल्मों से बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है जिससे छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में बल मिलता है। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि समर कैंप बच्चों में नई ऊर्जा तथा आत्मविश्वास भरने का एक बहुत ही अच्छा माध्यम है। श्री शर्मा सभी छात्र-छात्राओं को योगा अभ्यास करने तथा सीखने के लिए कहा क्योंकि योग से हमें सभी तरह के रोगों से मुक्ति मिलती है और एक नई ऊर्जा का संचार होता है। योगा प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न आसन जैसे गरुड़ासन, भुजंगासन गोमुख आसन इत्यादि का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। अभिभावकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाध्यापिका शिल्पी रानी शिक्षक-शिक्षिका गोपाल चन्द्र दास, मीनू सिंह, मोनीबाला शर्मा, शिवानी कुमारी मोनी वाला शर्मा वर्षा कुमारी नूतन कुमारी किरण कुमारी तथा अन्य शिक्षक - शिक्षिका एवं विद्यार्थी उपस्थित थीं।

खबर एक नजर में

### जालसाजी के मामले में नाइजीरियन व्यक्ति गिरफ्तार

**रांची।** बरियातू थाना पुलिस ने राशि की धोखाधड़ी के मामले में नाइजीरिया का रहने वाला मॉरिश को गिरफ्तार किया है। मॉरिस की गिरफ्तारी की सूचना नाइजीरिया के घाना स्थित दूतावास को दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक, मॉरिश के खिलाफ एक महिला के द्वारा रुपये की धोखाधड़ी करने से संबंधित मामले की शिकायत बरियातू थाना में दर्ज की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मॉरिस को गिरफ्तार कर लिया। मॉरिश से पूछताछ की जा रही है।

### श्री श्री रविशंकर का जन्मदिनधूम धाम से मना

**रांची।** आध्यात्मिक प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी का 67वां जन्मदिन रांची तथा झारखंड के अन्य जिलों में शनिवार को धूम धाम से मनाया गया। रांची में इस अवसर पर सुबह आठ बजे से शहर के सभी केन्द्रों में गुरुपूजा एवं सुदर्शन क्रिया आयोजित की गयी। राकेश भ्रमर एवं सुमित जी ने सीसीएल कन्वेंशन सेंटर में योग एवं ध्यान का सत्र कराया। गौतम विभु ने जेल रोड स्थित राज्य योग केंद्र में भक्तों के साथ केक काटा। कांके हैप्पीनेस सेंटर में भी सुबह लम्बी सुदर्शन क्रिया आयोजित की गयी। डोरंडा सेंटर में श्री रेणु पात्र, अजीत एवं निशा ने पूजा एवं सत्संग का आयोजन किया। अपर बाजार में रिया तयाल ने महिलाओं का विशेष योग सत्र आयोजित की। इस अवसर पर बंगलौर आश्रम से विशेष रूप से आर्ट ऑफ लिविंग के व्यक्ति विकास केंद्र के चेयरमैन प्रसन्ना प्रभु रांची आये तथा उन्होंने पूर्व राज्य सभा सांसद महेश पोद्दार के साथ खूंटी के कुदरी गांव में श्री श्री कौशल विकास केंद्र का उदघाटन किया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरीय प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, प्रसन्ना डेविड, तुलु सरकार, वंदना, एसके सिंह इत्यादि मौजूद थे। इसके उपरान्त खूंटी रांची मार्ग पर योग-ध्यान केंद्र एवं श्री श्री ज्ञान मंदिर का भी चेयरमैन द्वारा उदघाटन किया गया। मौके पर अपैक्स बॉडी के चेयरमैन बीके सिन्हा, कुमुद झा,आरपी बरनवाल, सुनील गुप्ता, पीएन सिंह, साध्वी आत्मस्वरूपा, साबित सिंह, जुथिका डेविड, इंदिरा सिंह, सुमिता, शबनम इत्यादि मौजूद थे।

### राज्य आत्या-पात्या कोच रेफरी कोर्स प्रारंभ

**रांची।** झारखंड आत्या पात्या संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय आत्या पात्या कोच रेफरी-ऑफिशियल कोर्स बीएसपी विद्यालय, धुर्वा प्रारम्भ हुआ। इसमें पूरे राज्य के 40 शारीरिक शिक्षा शिक्षक और खेल कोच ने भाग लिया। जिला संघ के संयुक्त सचिव विवेक कुमार ने स्वागत किया। जबकि उद्घाटन फेड्रेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ. अजय झा ने किया। इस अवसर पर एम मोदस्सर ने आत्या पात्या खेल की बेसिक जानकारी दी। इसके बाद आत्या पात्या फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव डॉ अजय झा ने खेल से जुड़े सभी तकनीकी जानकारी दी। परीक्षा के बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। सेमिनार को सफल बनाने संघ के वरीय सदस्य सुभाष गांगुली, संजय कुमार, सरिता कुमारी, कौशल कुमार, अनुशिखा कुमारी, रश्मि कुमारी, एवं आरुषि कुमारी ने पूर्ण रूप से सहयोग किया।

### अवार्ड के लिए संस्था ने मांगा आवेदन

**रांची।** विश्व सेवा परिषद, रांची कमड़े द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड के लिए शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले व्यक्तियों का आवेदन आमंत्रित किया गया है। परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बीबी राज ने बताया कि आवेदन 30 मई तक लिये जायेंगे।

## रांची के चार साहित्यकार बिहार में हुये सम्मानित





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के पटना में आयोजित हिंदी साहित्य सम्मेलन के 42 में अधिवेशन में रांची के 4 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इनमें रांची के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कमल कुमार बोस, डॉ जंग बहादुर पांडेय, डॉ प्रशांत कर्ण एवं डॉ पंपा विश्वास शामिल हैं। डॉ कमल कुमार बोस को फादर कामिल बुल्के स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया, जबकि डॉ जंग बहादुर पांडे को आचार्य देवेंद्र नाथ शर्मा सम्मान, डॉ प्रशांत कर्ण को पंडित जनार्दन प्रसाद झा द्विज सम्मान एवं डॉ पंपा सेन विश्वास को विदुषी किशोरी चतुवेर्दी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। रांची के साहित्यकारों के बिहार में सम्मानित होने पर रांची विश्वविद्यालय एवं हिंदी साहित्य से जुड़े कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

### एक्वावर्ल्ड में समर हॉलिडे सीरीज का आयोजन होगा

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के द्वारा गर्मी की छुट्टी में बच्चों के मनोरंजन को ख्याल करते हुए विशेष इंतजाम किये हैं। पूरे परिसर की आकर्षक सजावट की गई है। बच्चों और बड़ों के लिए एक विशेष सेल्फी जोन बनाया गया है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए सुपर संडे कार्यक्रम श्रृंखला का भी आयोजन किया गया है। निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया कि इसकी शुरूआत 14 मई को मदर्स-डे से होगी। फिर 21 मई को मैजिक संडे, 28 मई को सुपर हीरो संडे, 4 जून को कार्टून संडे, 11 जून को हॉरर संडे और 18 जून को फादर्स डे का आयोजन होगा। इन सभी कार्यक्रमों में फैंसी ड्रेस, रैंप शो, क्विज प्रतियोगिता, थीम डांस आदि का आयोजन किया जायेगा। सभी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

## मदर्स-डे पर 'दवा' का कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** मदर्स डे के थीम पर शनिवार को डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने आइएमए हॉल में एक बहुत ही यादगार कार्यक्रम आयोजित किया। सभी मातृशक्ति को नमन करते हुए अध्यक्ष सीमा महेश्वरी ने सदस्यों का स्वागत किया। चेयरपर्सन विनीता शरण तथा फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार ने इस उपलक्ष्य पर सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मां बच्चों के रिश्तें पर सदस्यों ने खूबसूरत नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए। नई-नई मां बनी सदस्यों ने भी बहुत बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। धन्यवाद ज्ञापन झूमा सरकार ने प्रेषित किया। कार्यक्रम में रेणु तिवारी, सुनीता रूंगटा, सीमा महेश्वरी, अर्चना जगनानी, डॉ अंजलि सिंह, डॉ शिक्षा लाल, डॉ तनु कुमारी, डॉ विनीता सिन्हा, मीतू भारती, मीनाक्षी बजाज, सविता जारिका, श्रावणी गाँगुली, सुधा डंडानिया, तरुणा छाबरा, वंदना सिन्हा, अमृता वैद्या, बिंदु प्रसाद, रिंकू बनर्जी, नीलम शेखर, शालिनी गुप्ता, श्वेता रंजन, मुन्ना पाल, रेखा मिश्रा, दीपा चौहान, मंजू खेतान, प्रियंका लांबा, अनिमा पांडे,शीला चौधरी, विभा सिंह, डॉ आराधना सेनापति, रिंकू चौधरी ,अंजना बरनवाल, रश्मि सिंहा, मेघना रूंगटा, कुमारी पूनम, शिवानी साहू ,स्नेहा जयसवाल, देवयानी संयाल, रीना शाह, वेणू सिंह, आरती सिंहा, सुमन वर्णवाल, वीणा साहू, सिंधु भदानी, श्वेता सुरभि, निर्मला रमन ,वंदना मारु, आशा श्रीवास्तव, रंजना जैन, पुष्पलता, उमा सेनगुप्ता, सुषमा मिश्रा, सुनीता मनसरिया, रश्मि बक्सी, भारती झा, शालिनी भगत,प्रभा दारुका, पल्लवी शरण, सम्पा चटर्जी, सविता रानी, शशि कला चौधरी, विभा सिंह, सुप्रिया ठाकुर शामिल थीं।

## मां काली मंदिर में बड़ा पूजा महोत्सव 18 को

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट बड़ा पूजा महोत्सव मनी टोला की आवश्यक बैठक शनिवार को हुई। इस बैठक में आगामी 18 मई को तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव के तैयारी पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के पुजारी रामेश्वर पासवान ने की। इस अवसर पर रांची के एसपी कौशल किशोर ट्राफिक एसपी वीरेंद्र प्रधान, सुबोध सिंह गुड्डू, दीपू सिन्हा, संजय पोद्दार विशेष रूप से उपस्थित थे। ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने बताया कि विगत 2 सालों से कोविड के कारण बड़ा पूजा महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया। इस वर्ष तीन दिवसीय बड़ा पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। यह आयोजन 18 मई 4 बजे से भव्य शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग से होते हुए निकाली जायेगी। इस शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ के संघी बाजा, जमशेदपुर के ताशा पार्टी हजारीबाग का ताशा पार्टी, झारखंड के परंपरागत ढोल नगाड़ों के साथ हजारों की संख्या में भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। 19 मई मुख्य पूजा सुबह 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की जायेगी। 20 मई को शाम 4 से रात्रि 11 बजे तक मां का जागरण होगा। एसएसपी कौशल किशोर ने कहा कि मां के इस भव्य आयोजन में रांची प्रशासन अपना पूर्ण सहयोग करेगी। 3 दिवसीय महोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था का पूर्ण ख्याल रखा जायेगा। बैठक में अशोक राय सिंटू पासवान, कुंदन सिंह, सुनीता मिंज, विमला बड़ाईक, प्रमिला उरांव सहित अन्य भक्त उपस्थित थे।

## लिविंग स्टोन्स एकेडमी का 10वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा







खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोअर चुटिया स्थित लिविंग स्टोन्स एकेडमी सीबीएसई बोर्ड के 10वीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। सृष्टि मिंज एवं मन्नत कुमारी संयुक्त रूप से 80% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुमित कुमार 75% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। लिविंग स्टोन्स एकेडमी के डायरेक्टर विलियम हेमरोम ने खुशी जताते हुए कहा यह हम सबका मेहनत का फल है।

इसके लिए सबको बधाई। एकेडमी के सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दिया है, बधाई देने वालों में मिलिंद एक्का, किरण पांडे शामिल हैं।

### ऑल इंडिया ओपन कराटे प्रतियोगिता का आगाज



**रांची।** सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल झारखंड के मेजबानी में एवं सिकोकई कराटे डू इंटरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया ओपन इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप का आगाज हुआ, जिसमें पांच स्वर्ण, तीन कांस्य एवं दो रजत पदक के साथ झारखंड के खिलाड़ियों ने बढ़त बनायी। वहीं उड़ीसा दूसरे स्थान पर जबकि बंगाल तीसरे स्थान पर चल रही है। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार के अतिथि कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन के महासचिव संजीव जांगरा एवं पद्मश्री मुकुंद नायक ने दो खिलाड़ियों के बीच फाइट करा कर किया।

## नुआगां स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग वर्क के चलते रांची डिवीजन की ट्रेन सेवाएं होंगी प्रभावित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** चक्रधरपुर मंडल के नुआगॉ स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित विभिन्न ट्रेन सेवाएं 14-18 मई तक प्रभावित होंगी। रांची रेल मंडल ने इस संबंध में सूचना जारी करते बताया है कि ट्रेन संख्या 18175/18176 हटिया - झारसुगुड़ा - हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 15/05/2023 से यात्रा प्रारंभ 18/05/2023 तक (कुल चार दिन) रद्द रहेगी।

ट्रेन संख्या 18106 जयनगर-राउरकेला - एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 14-05-2023 एवं यात्रा प्रारंभ 17-05-2023 को राउरकेला के स्थान पर हटिया तक ही जाएगी। ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला -जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 16-05-2023 एवं यात्रा प्रारंभ 18-05-2023 को राउरकेला के स्थान पर हटिया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 22845 पुणे -हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 14/05/2023 एवं यात्रा प्रारंभ 17/05/2023 को अपने निर्धारित समय से 02 घंटे विलम्ब से पुणे से प्रस्थान करेंगी।

### झालिदा स्टेशन पर हटिया- पुर्णिया कोर्ट ट्रेन का ठहराव

रांची रेल मंडल ने यह भी जानकारी दी है कि यात्रियों की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि ट्रेन सं॰ - 18626/18625 हटिया - पुर्णिया कोर्ट - हटिया एक्सप्रेस एवं ट्रेन सं॰ - 13304/13303 रांची - धनबाद - रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों का राँची रेल मंडल के झालिदा स्टेशन पर अगले आदेश तक ठहराव जारी रहेगा।

ट्रेन संख्या 13426 सूरत - मालदाटाउन एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 15/05/2023 को अपने निर्धारित समय से 01 घंटे विलम्ब से सूरत से प्रस्थान करेंगी। ट्रेन संख्या 18309 सम्बलपुर - जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 15/05/2023, यात्रा प्रारंभ 16/05/2023 एवं यात्रा प्रारंभ 18/05/2023 को अपने निर्धारित समय से 02 घंटे विलम्ब से सम्बलपुर से प्रस्थान करेगी।

ट्रेन संख्या 18310 जम्मूतवी-सम्बलपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 14/05/2023 एवं यात्रा प्रारंभ 16/05/2023 को अपने निर्धारित समय से 04 घंटे विलम्ब से जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी।

## आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस 13 मई से 17 जून के बीच अलग-अलग दिन रहेगी रद्द

### रांची से कटिहार के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता


रांची। 13 मई से 17 जून तक के लिए आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस रद्द किया गया है। ट्रेन रद्द दोनों ओर से अलग-अलग दिनों में किया गया है। रेलवे बोर्ड ने इससे संबधित सूचना जारी कर दी है। धनबाद रेल मंडल ने बताया कि धनबाद रेल मंडल के टनकुप्पा से बंधुआ स्टेशन के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर फीडर ब्रिज निर्माण के लिए अलग-अलग दिनों में ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा। ब्लॉक के दिनों में धनबाद-गया रेल मार्ग पर ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इससे पहले छह मई से ही ट्रैफिक ब्लॉक प्रस्तावित था। वहीं, जालियावाला बाग, पुरुषोत्तम, पूर्वा व हटिया से पूर्णिया कोर्ट के बीच चलने वाली कोशी एक्सप्रेस विलंब से चलेगी।

**रांची कटिहार के बीच स्पेशल ट्रेन :** वहीं, यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल मंत्रालय ने स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इसमें रांची से कटिहार चलने वाले समर स्पेशल ट्रेन संख्या 05762 और 05761 कटिहार रांची कटिहार समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 05762 कटिहार रांची समर स्पेशल ट्रेन यात्रा 18 मई से 29 जून तक प्रत्येक गुरुवार को कटिहार से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का कटिहार प्रस्थान दो बजे, बेगूसराय आगमन 4: 43 बजे, धनबाद आगमन 10:50 बजे बोकारो स्टील सिटी आगमन रात 01:10 बजे रांची आगमन सुबह 3: 40 बजे होगा। ट्रेन संख्या 05761 रांची-कटिहार समर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 19 मई से 30 जून तक किया जायेगा। जो प्रत्येक शुक्रवार को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान सुबह 05: 30 बजे, मुरी आगमन 06: 46 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 07:45, धनबाद आगमन 09: 50 बजे होगा। जसीडीह समेत अन्य जगहों से होते हुए ट्रेन कटिहार आगमन रात आठ बजे पहुंचेगी।

## समय संवाद

प्राचीन काल में गुफाओं में निवास करने वाला तथा कंदमूल फल खाकर या जानवरों का शिकार कर अपना पेट भरने वाला मनुष्य प्राय: वनमानुष ही था। बाद में कृषि की उत्पत्ति हुई ।कृषि के लिए पानी चाहिए और पानी होता है नदियों में ।इसलिए आदमी गुफाओं से निकलकर नदियों के किनारे बसा ।शिकारी से किसान बना फिर पशुपालक बना। नदियों में मछलियों की उपलब्धता ने आहार की समस्या हल कर दी। नदियों के कारण मनुष्य के निवास स्थानों को व्यापक विस्तार मिला। खेती-किसानी से इतर समय को गाने- बजाने, नाचने ,चित्र बनाने में लगाया । संस्कृति का हुआ शुभारंभ । एग्रीकल्चर से कल्चर की ओर कदम नदियों से ही संभव हो सका । जीवन के प्रथम चरण में अपने अथक परिश्रम से न केवल प्रकृति के साथ संघर्ष में टिका रह सका बल्कि उत्तरोत्तर विकास करता गया और सभ्यता और संस्कृति की नींव डाल सका ।इस कार्य में उसे नदियों से भारी सहायता मिली ।

# हमारी नदियां बचेगी, तभी हम भी बचे रहेंगे



**नागेन्द्र सिंह**

**पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलंअन्नंसुभाषितम्। मूढै पाषाण खण्डेषु रत्नसंज्ञा विधेयते ।।**

इस धरा धाम पर तीन ही रत्न है- जल अन्न और सुंदर वचन । जल ही जीवन है ,जल है तो कल है जैसे नारे हमारे जीवन के अंग हैं। और इस पानी का श्रेष्ठ और सुदीर्घ स्रोत नदी है। हजारों वर्षों से मनुष्य उसकी ओर खींचता चला आया है केवल इसलिए नहीं कि वह हमारी और हमारे खेतों की प्यास बुझाती है बल्कि इसलिए भी कि वह हमारी आत्मा को भी तृप्त करती है ।उसके तट पर हमारी आत्मा पल्लवित पुष्पित होती है, संस्कृति का जन्म होता है ।गंगा से वोल्गा, नील से मिसीसिपी और अमेजन से यांगत्सी तक कई संस्कृतियों का जन्म और अवसान नदियों के तट पर हुआ है ।संसार की सभी प्रमुख संस्कृतियों का जन्म नदियों की कोख से हुआ है ।मानव का प्रकृति से संस्कृति की ओर कदम नदियों की ही देन है ।

नदियों के कारण कृषि संभव हुई और कृषि के कारण लोगों को अपना समय ज्ञान विज्ञान और कला को दे पाना संभव हुआ । नदियां सभ्यता और संस्कृति का पालना बनीं ।


हमारे देश में नदियों के प्रति विलक्षण श्रद्धा रही है ।यह अंधश्रद्धा नहीं बल्कि यह श्रद्धा लोकमानस में प्रतिष्ठित हो चुकी है ।नदियों को बहते हुए जल के रूप में नहीं बल्कि उनमें जीवनदायिनी माताओं का प्रतिबिंब हम लोग निहारते हैं ?नदियों को लोकमाता कहा गया है। वेदों के मंत्र में कहा गया है लोगों के दिलों में रहने वाले सत्य और असत्य की परीक्षा लेने वाला भगवान पानी में रहता है। हाथ में जल लेकर सौगंध खाने की परंपरा है। अंजलि में जल लेने के बाद मनुष्य झूठ बोल ही नहीं सकता । मरते हुए मनुष्य के मुंह में गंगाजल देने की परंपरा है। दाह संस्कार के बाद भी अस्थि और भस्म को नदियों में प्रवाहित करने की परंपरा है ।इतना ही नहीं मरणोपरांत भी हमें वैतरणी पार करनी होती है ।राज्य अभिषेक में चार समुद्र और सात नदियों के जल से राजा का अभिषेक किया जाता था। संक्षेप में जीवन में, मरण में और मरणोपरांत भी मानव जीवन नदियों से जुड़ा है ।भारत संस्कृति में नदियों में ईश्वर का प्रवाह मानकर उनमें प्रेम धारा के दर्शन किए जाते हैं ।चरैवेति चरैवेति का संदेश देती हुई नदी आगे बढ़ती रहती है पीछे पीछे नया और नया पानी आता रहता है ।अर्थात देते रहो ,लुटाते रहो। देते रहोगे तो तुम्हें मिलता रहेगा ।तुम्हारा भंडार कभी खाली नहीं होगा। वास्तव में

**वृक्ष कबहुं नहिं फल भखै नदी न संचय नीर। परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर ।।**

नदी ईश्वर की करुणा है और ईश्वर की करूणा सभी को समान रुप से मिलती है। परोपकाराय सतां विभूताय, या सर्वभूतहितेरता का जीवंत नमूना है नदी। जिस दिन यह नदी हमारे भीतर प्रवाहित होगी हमारा सारा दृष्टिकोण ही बदल जाएगा। हम लेना नहीं देना चाहेंगे ,जीना नहीं जिलना चाहेंगे। यथासंभव लोकमंगल कार्य करने की प्रेरणा स्रोत है नदी ।नदी में प्रेम ,परोपकार ,उदारता ,शीतलता आदि गुणहैं । नदी इन्हीं गुणों को अपनाने के लिए हमें प्रेरित करती है । मनुष्य प्रकृति को बदलना सीख गया है और आज भी संस्कृति की बदल रहे हैं और किंतु आधुनिकता के साथ शुरू हुई उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ में हम सांस्कृतिक विरासत को स्वयं ही नष्ट करने पर तुले हुए हैं ।सभी नदियां हमारे शरीर की धमनियों की मानिंद कार्य करती हैं और इनका खस्ताहाल होना कई सभ्यताओं और संस्कृतियों की मृत्यु का संकेत है ।नदियों पर सिर्फ उसी का ही नहीं सभी जीव- जंतु ,- पेड़ पौधों का अधिकार है ।परंतु कूड़ा-कचरा, औद्योगिक कचरा, सिवरेज न जाने क्या-क्या नदी में डाला जा रहा है ।शव से लेकर शौच तक का भार नदियों पर है ।आज नदियों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा है ।हम सभ्य कहलाने के अधिकारी नहीं अगर नदियों को पवित्र नहीं रखते। बहुत लंबे समय तक हमने नदियों को धर्म एवं लोक आस्था से जोड़कर पवित्र बनाए रखापरंतु कालावधी में लिक से हटकर हम अपनी परंपरा एवं पूजा पद्धति तथा कर्मकांड के मूल भाव, वास्तविक उद्देश्य को भूल गए हैं ।हमें नदियों से बहुत कुछ मिलता है ।

आज भी बहुत हद तक हमारा जीवन नदियों पर निर्भर है ।इनके प्रति सम्मान का भाव रखना जरूरी है। इनकी स्वच्छता और पवित्रता को चिरकाल तक बनाए रखने का शुभ संकल्प परम आवश्यक है, तभी संस्कृति सुरक्षित रहेगी ।जब यह बचेगी तो सब बचेगा और यह बचेगी साफ सोच से ।हम स्वयं को सभ्य कहते हैं और प्रमाण देने में शायद असफल । प्रत्यक्ष किम प्रमाणम? जो नदियों के साथ हो रहा है क्या वही सभ्यता और संस्कृति है?

(लेखक मोटिवेटर सह काउंसलर हैं)



# धर्म का हर पहलू तार्किक, व्यवहारिक है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



धर्म प्रवाह

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था।

**(ब्रम्हा विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर)**

# न्यूरो साइंस पर विमर्श

रांची के जेएससीए स्टेडियम में अर्ध-वार्षिक एमआईडी एनिकाम - 2023 कार्यक्रम की शानदार शुरूआत हुई। झारखंड न्यूरोसाइंसेंस सोसाइटी और एसोसिएशन ऑफ न्यूरोसाइंटिस्ट ऑफ ईस्टर्न इंडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि राँची के प्रमुख न्यूरो सर्जन डॉ एच पी नारायण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस आयोजन सचिव एवं पारस अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने बताया की ऐसे कार्यक्रम से न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में वृहत ज्ञान और नवीनतम तकनीक को जानने और समझने का सुअवसर मिलता है। राँची जैसे छोटे शहर में भारत के जाने माने प्रतिभाशाली न्यूरो चिकित्सक की उपस्थिति से चिकित्सा विज्ञान की उत्कृष्टता प्रमाणित होती है। हमारे नए और युवा न्यूरो चिकित्सकों के लिए यह कार्यक्रम मार्गदर्शन का काम करता है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को न्यूरो से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ साथ न्यूरो विज्ञान की जानकारियों को साझा करना है। डॉ संजय कुमार ने मीडिया के माध्यम से झारखंड सरकार से गुजारिश की है कि झारखंड में भी एक न्यूरो साइंस केंद्र बने ताकि यहाँ की जनता को न्यूरो से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।

चेयरमैन डॉ अनिल कुमार ने बताया की इस कार्यक्रम में न्यूरो विज्ञान से जुड़े तमाम चिकित्सक सम्मिलित हैं जो आम लोगों में होनेवाले न्यूरो से संबंधित समस्याओं के निदान पर अपने अनुभव और जानकारी को सबके बीच साझा करते हैं। ऐसा कार्यक्रम हम चिकित्सकों के लिए बहुत लाभकारी होता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित सुरक्षा मानक को अपनाकर बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

आयोजक मंडल के सचिव डॉ विराट ने कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि पूर्वी भारत के न्यूरोसाइंटिस्टों का संगठन है अठएक, जिसमें बिहार, बंगाल, उड़ीसा, झारखंड और उत्तर-पूर्वी राज्य के न्यूरो चिकित्सक सम्मिलित हैं। रांची में पहली बार वर्ष 1992 में सचिव डॉ के के सिन्हा और डॉ श्यामल की अध्यक्षता में इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसके बाद हर साल इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया जाता है, जिससे न्यूरो विज्ञान के असीमित ज्ञान को अनुभवी चिकित्सकों के माध्यम से समझने का एक अवसर मिलता है।


कार्यक्रम के पहले सत्र में दिल्ली से आये न्यूरो विशेषज्ञ डॉ सुमित सिन्हा ने की होल एप्रोच सर्जरी विधि पर विस्तृत जानकारी दी और सर्जरी को कैसे आसान और सुरक्षित बनाया जा सकता है इस पर अपने अनुभव बताये।

कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने न्यूरोसर्जरी में इस्तेमाल की जानेवाली स्क्रु फि क्सेशन, न्यूरोलॉजी से संबंधित बीमारी की पहचान और उसका निदान तथा न्यूरो क्रिटिकल केयर के अन्तर्गत न्यूरो मॉनिटरिंग और ब्रेन की कार्य प्रणाली की मॉनिटरिंग विषय पर वर्कशॉप का लाभ उठाया।

पहले दिन सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

# द केरला स्टोरी सशक्त फिल्म

अंकिता बनर्जी




द केरल स्टोरी की कहानी तीन लड़कियों के बारे में है जिनका जीवन आईएसआईएस द्वारा नष्ट कर दिया गया है। यह कहानी पूछताछ कक्ष से शुरू होती है जहां अदा शर्मा अपने भयानक और दुखद अतीत के बारे में बताती हैं और वह वहां तक क्यों और कैसे पहुंचीं। उनकी बैकस्टोरी चार नर्सिंग कॉलेज के छात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी शालिनी के नजरिए से सुनाई गई है, जहां वह अपनी रूममेट्स गीतांजलि (सिद्धि इदनानी), निमाह (योगिता बिहानी) और आसिफा (सोनिया बलानी) के बारे में बात करती है।

शालिनी उन्नीकृष्णन उर्फ ??फातिमा (अदाह शर्मा), केरल की एक हिंदू और एक नर्सिंग छात्रा का इस्लामिक मोहराओं द्वारा इस्तेमाल किया जाता है, जो उसे एक आईएसआईएस आतंकवादी में बदल देती है। साथ ही, फिल्म 'लव जिहाद' प्रचार पर प्रकाश डालती है, जहां मुस्लिम पुरुष हिंदू लड़कियों को इस्लाम में परिवर्तित करने और उनके परिवारों को त्यागने के लिए मजबूर करते हैं। शालिनी की रूममेट आसिफा के पास अपने रूममेट्स को बेनकाब करने और इस्लाम में परिवर्तित करने का एक गुप्त एजेंडा है। फिल्म सहानुभूति की मांग करती है। यह केरल की एक छुपी जानकारी वाली और परिवर्तित महिलाओं और आतंकवाद का समर्थन करने वाले और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के माध्यम से सीरिया में परिवर्तित महिलाओं को भेजने वाले लोगों के बीच पूरे सांठगांठ से जुड़े आंकड़ों को उजागर करता है, जो या तो सेक्स स्लेव या आत्मघाती हमलावर होने का दर्द झेलती हैं। एक विशेष दृश्य है जहां फातिमा (उर्फ शालिनी) का उसके ही पति द्वारा गर्भवती होने के बावजूद बलात्कार किया जाता है।

द केरल स्टोरी' की पटकथा भी काफी आकर्षक है और फिल्म के अंत तक आपको बांधे रखती है। तीन लीड के जीवन का यह नाटकीयकरण और फिल्म के अंत में रिलीज होने तक निरंतर निर्माण तीन-अभिनय संरचना का अच्छी तरह से पालन करता है। 'द केरल स्टोरी', इस संबंध में, कथा संरचना के साथ बहुत अधिक प्रयोग नहीं करती है। यह कहानी को एक विशेष तरीके से प्रकट करने के बारे में अधिक चिंतित है ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके। जब किसी फिल्म के माध्यम से दर्शकों को शिक्षित करने के उद्देश्य से सूचना का प्रसार होता है, तो यह एक अलग तरह का सिनेमा बन जाता है। खासकर जब विभिन्न समुदायों का चित्रण शामिल हो...

अभिनय की बात करें तो, अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी, और सिद्धि इदनानी सभी हाजिर हैं और सराहनीय प्रदर्शन करती हैं ।

'द केरल स्टोरी' विषयगत रूप से भी काफी समृद्ध है। फिल्म में दिखाए गए हिंदू धार्मिक पूजा, नास्तिकता, साम्यवाद, और इस्लाम और शरिया कानून को प्रेरित करने की प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण है जो बहस का एक अलग स्तर उठा सकती है।

यह फिल्म एक क्रूरता पर प्रकाश डालती है - जहरीली मर्दानगी की चरम सीमा, मासूमियत का खिंचाव और कम उम्र में कंपनी के प्रभाव के साथ-साथ कुछ वैचारिक बहस, लेकिन बहुत ही हल्के और तार्किक तरीके से ताकि पूरे ब्रेनवाशिंग न हो प्रक्रिया बल्कि अपरिहार्य रहे। हालांकि, 'द केरल स्टोरी' के बारे में एक बात जो वास्तव में परेशान करती है, वह इसका बैकग्राउंड स्कोर है। यह काफी गगनभेदी है। विवाद हो जाने के कारण भी इस फिल्म को अधिक से अधिक दर्शक मिल सकते हैं। यह फिल्म एक राजनैतिक फिल्म बन गयी है रोजा की तरह।

## पारस हॉस्पीटल में नर्स दिवस पर कार्यकम

रांची के धुर्वा स्थित पारस एचईसी अस्पताल में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन हुआ। आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर हुई, साथ ही सभी नर्सों ने निस्वार्थ सेवा और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ ली। मौके पर अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार, फेसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार डॉ मेजर रमेश दास ,डॉ अशोक बैध्य, एच आर हेड भगवत बीस्ट और मार्केट हेड कुमार यशवंत ने नर्सों को सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया। नर्सों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गये। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस फ्लोरेंस नाइटिंगेल की याद में मनाया जाता है। कार्यक्रम में उनसे संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गयी।




नर्सों के सम्मान में बोलते हुए मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार ने कहा कि यह एक खास पल है क्योंकि हम उस प्रोफेशन से हैं, जिन्हें भगवान का दूसरा रूप दिया गया है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि पारस अस्पताल सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए और उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। एक मरीज को ठीक करने में नर्सों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पारस अस्पताल लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और इस स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद नर्सें हैं। डॉ संजय ने कहा कि नर्सें ही अस्पताल का रीढ़ होती हैं, सबसे बड़ा श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के प्रति भी अपना आभार व्यक्त किया।

फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने भी नर्सों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पारस अस्पताल में नर्सों के बीच नर्सिंग लीडरशीप है जिससे वे अपने वार्ड, फ्लोर और पूरे अस्पताल के प्रति निस्वार्थ भाव से काम कर रही हैं । उन्होंने कहा कि यहां कि नर्सों ने लोगों को विश्वास दिलाया है कि पारस की पूरी टीम निरंतर स्वास्थ्य सेवा में सजग और तत्पर है।

इस कार्यक्रम में पारस अस्पताल के चीफ नर्सिंग अधिकारी लेबोरीन विजी तथा ग्रुप चीफ नर्सिंग अधिकारी कवलजीत ओबरॉय सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

# कर्नाटक की हार: मोदी के नाम पर कब होगा बेड़ा पार?



**मनोज कुमार शर्मा**

**कर्नाटक** में भाजपा विधानसभा चुनाव हार गयी, दक्षिण का एकमात्र कमलमय राज्य हाथ से निकल गया। हालांकि पहले से ही सारे सर्वे भाजपा के हारने की भविष्यवाणी कर चुके थे। कर्नाटक के पिछले साढे तीन दशक का इतिहास भी यही बताता है कि वहां की जनता हर पांच साल पर रोटी पलट देती है। एक महत्वपूर्ण तथ?य और है कि पहले भी भाजपा वहां अपनी लहर या कांग्रेस के खिलाफ सत्ताविरोधी रूझान (एंटीइंकंबेंसी) के बावजूद कभी भी अकेले दम पर अच्छे बहुमत से नहीं जीत पायी है। कभी निर्दलियों, कभी जेडीएस वगैरह के साथ मिल कर ही वह सत्ता में रही है। इसके बावजूद दक्षिण के पांच राज्यों केरल, कर्नाटक, तमिलनाडू, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना में कर्नाटक ही वो एकमात्र राज्य है जहां भाजपा सत्ता में रही है।



कर्नाटक में भाजपा की हार पर जानकार और विश्लेषक उद्धट्ट जानकारी दे-दे कर कारण गिनवायेंगे, पर सहजता से देखें तो एक बहुत ही सामान्य कारण है भाजपा के छोटे बड़े नेताओं से लेकर कार्यकताओं तक में ये भ्रम होना कि, पीएम मोदी की आठ दस तूफानी सभाओं को करवा कर सभी कमियों को छुपा कर अंततः चुनावी नैया पार लगायी जा सकती है। भाजपा के इस भ्रम को झारखंड ने तोड़ा था उसके बाद हिमाचल अब कर्नाटक ने तोड़ा है। भाजपा के बड़े नेता भी मोदी नाम और मोदी की सभाओं के भरोसे रहते हैं। अतीत में नरेन्द्र मोदी नाम की सफलता ने भाजपा के बहुत सारे नेताओं कार्यकताओं को प्रमादी, आलसी बना दिया है। जब एक आम कार्यकर्ता ये कहे कि ह्यह्लजनता में कितना भी क्षोभ, आक्रोश हो मोदी जी आकर अपनी चुनावी सभाएं करेंगे और हम चुनाव जीत जायेंगे तो यह भरोसा नहीं लापरवाही है। राज्यों में भाजपाई नेतृत्व सड़क पर आकर जनता का विश्वास जीतने के बजाय सोशल मीडिया पर प्याले में तूफान लाकर अपने कार्यों की इतिश्री कर ले रहा है।

पुराने कर्मठ लोगों को हाशिये पर धकेलना, समर्पित सहयोगियों की उपेक्षा और सिर्फ केंद्र की पिपहीरी बजा कर राज्यों के चुनाव भाजपा नहीं जीत सकती। कर्नाटक में जगदीश शेट्टार और येदियुरप्पा को किनारे कर दिया गया। शेट्टार ने तीन दशकों से ज्यादा समय भाजपा के लिये दिया, पर उन्हें टिकट न देकर कांग्रेस में जाने को विवश कर दिया गया। येदियुरप्पा जो भाजपा के लिये पहली दक्षिण विजय के शिल्पकार रहे हैं उन्हें भी हाशिये पर कर दिया गया। इस कारण से लिंगायत और वोकालिंगा जातियों में भाजपा के प्रति आक्रोश व्याप्त था। ठिक ऐसे ही छत्तीसगढ में भाजपा के कद्दावर आदिवासी नेता नंद कुमार साय क्षुब्ध होकर कांग्रेस में चले गये। झारखंड में 2019 में अपने सदाबहार सहयोगी आजसू की उपेक्षा ने भाजपा को अप्रत्याशित रूप से सत्ता से बेदखल कर दिया। बिहार में अच्छे जनसमर्थन के बाद भी लंबे समय तक नीतिश का पिछलग्गु होना भाजपा के आड़े आते रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसके परिष्कार में विफल रहा है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्यों में जनता के मन को पढ पाने में , आपसी मतभेद खत्म कराने और समर्पित नेताओं सहयोगियों को सहेजने में बिल्कुल अक्षम साबित हुये हैं। अभी कुछ महिने पहले उनके गृह राज्य हिमाचल में हार अब कर्नाटक में हार से उनकी क्षमताओं पर प्रश्न चिन्ह है। नड्डा ठोस रणनीति के बजाय नरेन्द्र मोदी के नाम को भुनाने में ज्यादा लगे रहते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक इस काल को भाजपा के शीर्षकाल की तरह देखते हैं। कहा जाता है कि शीर्ष पर पहुंचने से ज्यादा कठिन काम है शीर्ष पर टिके रहना। केंद्र में अभी भाजपा का विकल्प नहीं, विपक्ष का महागठबंधन लोकसभा चुनावों में भाजपा को कड़ी चुनौती नहीं दे पायेगा। विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार से लोकसभा चुनावों में उसकी सेहत पर फर्क नहीं पड़ता है। आगे राजस्थान, मध्यप्रदेश, छतीसगढ में चुनाव होने हैं। इसमें छत्तीस गढ में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी। मध्यप्रदेश में संभवतः शिवराज पिछली गलतियों को नहीं दुहरायेंगे और राजस्थान की राह कांग्रेस की आपसी कलह से भाजपा की राह आसान होगी? पर पहले झारखंड फिर हिमाचल अब कर्नाटक, ने जता दिया कि भाजपा की राज्य सरकारें अपनी विफलता को हर बार मोदी नाम के शोर में दबा नहीं सकती। वैसे कांग्रेस मुक्त भारत का नारा देने वाली भाजपा उन सभी बिमारियों से घिरी दिखती है जिसके कारण कांग्रेस का पतन हुआ था। शीर्ष नेताओं की काहली, गुटबाजी भाजपा में भी चरम पर है जिसका मिला जुला परिणाम कर्नाटक में दिख गया है आगे भी दिखेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## कॉर्टून वर्ल्ड

### बोलने की आजादी?



## स्पीड न्यूज

### महिलाओं ने ली स्वच्छता की शपथ



**कुजू।** कुजू दक्षिणी पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय चटनिया बस्ती में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल मुखिया राकेश मेहता रॉक ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही क्षेत्र में साफ-सफाई रखने का संकल्प दिलाया। मौके पर उन्होंने कहा कि पखवाड़ा के तहत बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता आयेगी। मौके पर अध्यक्ष काशीनाथ महतो, प्रधानाध्यापिका संजू देवी, जल सहिया रिजवाना खातून, उप मुखिया मीना अग्रवाल, दीपू राण, सीता देवी, अनिता देवी, रमेश चौधरी, अनिल अग्रवाल, एहसान मंजर, राजू भुईयां आदि मौजूद थे।

### इंजीनियर बनेगा प्रफुल कुमार



**कुजू।** बडगांव निवासी शिक्षक उमेश प्रसाद साहु के पुत्र प्रफुल कुमार साहु ने सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में 93 .4 प्रतिशत अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रफुल दसवीं की परीक्षा में डीएवी आरा कुजू से शामिल हुआ था। अपने विद्यालय में वह टॉप टेन में स्थान बनाने में सफल हुआ है। प्रफुल का सपना इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना है। उनकी सफलता पर पिता उमेश प्रसाद साहु, माता मंजू देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ओपी जिंदल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड की परीक्षा में ओपी जिंदल स्कूल पतरातू के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। इस वर्ष 111 विद्यार्थियों में से 80 विज्ञान में और 31 वाणिज्य में सम्मिलित हुए। इनमें अंकुर कुमार भारद्वाज 918 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहा। वहीं द्वितीय स्थान पर पृशा वर्मा 90 प्रतिशत अंक और तृतीय स्थान पर जिया सिन्हा 906 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 29 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 90 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में स्कूल के 133 विद्यार्थी शामिल हुए एवं शत- प्रतिशत सफलता अर्जित की। प्रथम स्थान वैभव राज 94 प्रतिशत, द्वितीय स्थान परी साहू 928 प्रतिशत व तृतीय स्थान श्रेया रानी 924 प्रतिशत ने प्राप्त किया। वहीं निशांत कुमार यादव 914 प्रतिशत, आदित्य कुमार शर्मा 912 प्रतिशत,ध्रुव करमाली 902 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 82 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### स्कूल में धूमधाम से मना मातृ दिवस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र के लबगा पंचायत स्थित विजडम पब्लिक स्कूल में शनिवार को धूमधाम से मातृ दिवस मनाया गया। साथ ही माताओं के सम्मान में स्कूल प्रबंधन की ओर से कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की दर्जनों माताओं को आमंत्रिक कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माताओं द्वारा केक काटकर किया गया। साथ ही सबों को मिठाई व केक खिलाबर मातृ दिवस की बधाई दी गई। इस दौरान माताओं ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार जताया। मोके पर स्कूल के संस्थापक बसंत कुमार ने कहा कि माताओं के सम्मान में यदि हम कुछ भी कर पाते हैं तो यह हमारे लिए गौरव की बात है। क्योंकि हमारी सफलता की पहली सीढ़ी माताएं होती हैं।

### ए'ला एंग्लाइज में काउंसलिंग शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड अधिविध बोर्ड परीक्षा और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणामों के घोषणा के फल स्वरुप बच्चों के सफल भविष्य हेतु बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए'ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी परिसर में शनिवार को पांच दिवसीय कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसके तहत विषय का चुनाव, वर्तमान शिक्षा और रोजगार के अवसर, भविष्य को कैसे संवारने आदि विषयों पर हेड हेल्ड हाई के करियर काउंसलर सह शिक्षाविद आलोक कुमार और शिवांशु विक्रम द्वारा बच्चों को बताया जाएगा। विगत वर्षों से शुरू हुए इस प्रकार के कार्यशाला प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती हैं और आगे भी इसी प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित होते रहेंगे।

### केन्द्रीय विद्यालय को ले प्रस्ताव पारित

भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड सभागार में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यो की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने की। मौके पर स्थायी समिति गठन के साथ केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा पर जोरदार तरीके से चर्चा हुई। चर्चा के उपरांत केन्द्रीय विद्यालय को लेकर सर्वसम्मति से दो प्रस्ताव पारित किया गया। प्रथम प्रस्ताव में केन्द्रीय विधालय भुरकुंडा जो मसमोहना गांव में स्थापित करने की प्रकिया चल रही उसे आग्रह पूर्वक रुकवाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। सभा में मौजूद अधिकांश पंचायत समिति सदस्यो ने चर्चा मे कहा कि पहले से मसमोहना गांव समीप बरकाकाना में केन्द्रीय विद्यालय चल रहा है।दूसरा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा जो कि भुरकुंडा की ही धरोहर है उसे भुरकुंडा-भदानीनगर प्रक्षेत्र आसपास ही स्थापित किया जाए।

## रामगढ़ में एलआईसी ऑफिस और कोहिनूर ज्वेलर्स लूटकांड खुलासा

# मुख्य सरगना समेत पांच गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ दो देसी कट्टा, चार जिंदा गोली, धारदार हथियार, लूटी गई रकम और चांदी के जेवर बरामद

**रामगढ़।** एलआईसी ऑफिस और कोहिनूर ज्वेलर्स लूटकांड का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक देसी कट्टा, चार जिंदा गोली, धारदार हथियार, लूटी गई रकम और चांदी के जेवर बरामद हुए हैं।

रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 11 अप्रैल को एलआईसी ऑफिस के सामने अपराधियों ने ददन कुमार को गोली मारकर 2934447 रुपये लूट लिए थे। इसके बाद आठ मई को अपराधियों के इसी ग्रुप ने दामोदर पुल के निकट कोहिनूर ज्वेलर्स में घुसकर कर्मचारियों को बंधक बनाया और चांदी के जेवर लूट लिए।

इस मामले में सबसे पहले अंतर्राज्यीय लुटेरा गिरोह के मुख्य सरगना विभास पासवान को पकड़ा गया। वह मूल रूप से बिहार के नालंदा जिला का रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के बाद इन दोनों लूटकांड में शामिल सभी पांच अपराधी पकड़े गए।गिरफ्तार आरोपितों में हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव निवासी संतोष पांडे, बरही थाना क्षेत्र के गोरिया करमा गांव निवासी महेंद्र चौधरी, पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कजरात नावाडीह निवासी कुदूश अंसारी जो कि वर्तमान में चेनगड्डा बरकाकाना ओपी क्षेत्र में रह रहा है। इनके साथ उसका एक और साथी चंडीगढ़ दा निवासी इनामुल अंसारी को पकड़ा गया।

उनके पास से पुलिस ने लूट की रकम 25,500 रुपये नकदी, दो देसी कट्टा, एक ऑटोमेटिक चाकू, चार जिंदा गोली और चांदी के कुछ जेवर बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए सभी अपराधी बिहार झारखंड के कई जिलों में चर्चित लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। इनका पूर्व से आपराधिक





इतिहास भी रहा है। छापेमारी दल में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, थाना प्रभारी रोहित कुमार,पुअनि सुरेंद्र सिंह कुंटिया,कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, पुअनि मणीदीप,नवीन कुमार,मंटु चौधरी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# विभाग की मनमानी से शिक्षक और अभिभावक हुये परेशान

### न जूते का साइज मिल रहा, न ढंग की पोशाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चौपारण। विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिये जूता व पोषक भेजा गया है। जिसके बाद से शिक्षकों व अभिभावकों के बीच बराबर कहासुनी हो रही है। यह हाल कमोबेश सभी विद्यालयों का है। मसमल यह है कि भेजे गए जूते जहां बच्चों को बन रहा है वहीं पोशाक भी साइज और गुणवत्ता में दोयम दर्जे का है। इसी को लेकर पडरिया पंचायत के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय इंगुनिया में मुखिया पप्पू कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामफल सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में कई अभिभावकों ने विभाग की मनमानी पर रोष व्यक्त करते हुवे सरकार से विभाग को इस लापरवाही हेतु कानूनसंगत कार्यवाई की मांग की। लोगों ने कहा कि विभाग अपना जेब भरने और मोटी कमीशन हेतु ड्रेस और जूता बांटने का दिखावा कर रहा है। इन सभी बातों से शिक्षक भी परेशान दिखे क्योंकि अधिकांश अभिभावकों के द्वारा बच्चों का ड्रेस लेने से इनकार कर दिया जा रहा है। अब समस्या ये है कि अपना ट्रांसपोर्टिंग खर्च करके विद्यालय पोशाक व जूता जिला से मंगवा रहे हैं और अभिभावकों के रोष के बाद इसे लौटना भी मुश्किल हो रहा है। बैठक में उप मुखिया प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार सिंह, वार्ड सदस्य राम केश्वर सिंह, दिलीप सिंह, अमल किशोर सिंह, मदन चंद्रवंशी, सुजीत सिंह, आदित्य सिंह, विवेक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



बैठक करते उप मुखिया प्रतिनिधि व अन्य

### 12वीं साइंस में पुष्कर बना जिले का टॉपर

दारू। रामदेव खैरिका पंचायत के गोपलो निवासी जयप्रकाश कुशवाहा के पुत्र आयुष पुष्कर ने 12वी की विज्ञान की परीक्षा में जिला का टॉपर छात्र बनने का गौरव हासिल किया है।आयुष डीएवी स्कूल हजारीबाग का छात्र है और यहां उसने कुल 97.02 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर छात्र बनने के साथ ही जिले में संजुक्त रूप से टॉपर छात्र बनने का गौरव हासिल किया है। संत जेवियर स्कूल के एक अन्य छात्र आयुष राज का भी 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।गोपलो दारू निवासी छात्र के सफलता से उसके माता पिता, दादा दादी के साथ साथ पूरा परिवार और प्रखंड के लोग काफी खुश है और उसकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे है। आयुष के पिता जयप्रकाश कुशवाहा की झुमरा में स्टेशनरी की दुकान है और वे मूल रूप से खेती बाड़ी का काम करते है। और माँ निर्मल देवी गोपलो आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के पद पर कार्यरत है आयुष ने बताया कि शुरूआती शिक्षा मिशन स्कूल पिपचो से हुई थी और वहां से डीएवी स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास की।

# चौपारण : विद्यालय में शौचालय का छात्राओं ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** प्रखंड के इंगुनिया में उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय में 15वीं वित्त आयोग से निर्मित बालिकाओं के लिये शौचालय का शुक्रवार को विद्यालय की ही बच्चियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उन्हें चाभी सौंप कर उन्हें इसकी सही उपयोग व जरूरत के बारे में बताया। वहीं मुखिया पप्पू कुमार व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामफल सिंह सहित उप मुखिया प्रतिनिधि मृत्युंजय सिंह, वार्ड सदस्य राम केश्वर सिंह, दिलीप सिंह व अमल किशोर सिंह सहित उपस्थित लोगों ने खुशी जताते हुए कहा कि बच्चियों के लिये शौचालय की अति आवश्यकता थी जो आप पूरी हो गयी है। अब विद्यालय में अध्ययन कर रही छात्राओं को शौचालय नही होने से जो मुश्किलों का सामना करना पड़ता था उससे निजात मिल जाएगी। मौके पर उपस्थित छात्राओं ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के प्रति हम आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने हमारी समस्याओं को समझा और उसे दूर किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक प्रवीण कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, आनंद पाल, मनोज रवि, विजय कुमार साव व प्रेमचंद तिर्की सहित सभी शिक्षक व कई ग्रामीण उपस्थित थे।



### पीड़ित परिवार से मिली अंबा प्रसाद हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विगत दिनों पूर्व पतरातू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मासूम अभीराज कुमार की मौत हो गई थी। मामले को ले विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक बच्चे के परिजनों से उनके घर पहुंच कर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए दुख की घड़ी में संयम बरतने हेतु ढांढस बंधाया। मृतक के परिजनों ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों के ऊपर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है जिससे पूरा परिवार दुख की इस घड़ी में मुकदमे के संकट से जूझ रहा है। पीड़ित परिवार का दुख सुनने के बाद विधायक ने मृतक के परिजनों के साथ डीएसपी वींरेंद्र चौधरी एवं पतरातू के थाना प्रभारी से मुलाकात की एवं पूरे वस्तुस्थिति से अवगत हुई। इस दौरान विधायकके साथ अभिराज के परिजन सहित विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, संतोष साव, सुभाष साव, बबलू कुमार, बैजनाथ साव आदि मौजूद थे।

# प्रशिक्षु आईएएस ने किया मॉडल स्कूल का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### छात्रों से ली शिक्षा की जानकारी

**इचाक।** प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार ने शनिवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव डाढा में स्थित मॉडल स्कूल का दौरा किया। वहां के विद्यार्थियों से रूबरू हुई और विद्यालय में दिए जा रहें शिक्षा की जानकारी ली। पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। साथ ही सुदूरवर्ती पंचायत में बने मॉडल विद्यालय मेंआवागमन अथवा अन्य समस्याओं को जाना। बच्चों को सफलता के कई टिप्स दिए। सिविल सर्विसेज से जुड़ी तैयारियां एवं शिक्षा को लेकर भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की। इस दौरान उत्सुक विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षु आईएएस से सफलता के राज उगलवाए। इससे पहले विद्यालय पहुंचने डाढा पंचायत की मुखिया सुनिता देवी ने पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय और गांव की समस्याओं से रूबरू कराया। साथ ही डाढा गांव को मॉडल गांव बनाने की मांग की। जिसे प्रशिक्षु आईएएस ने स्वीकार किया। इसके उन्होने मॉडल विद्यालय के भवन तथा जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए डेस्क टेबल, पानी पीने की सुविधा, बिजली पंखे के अलावे कई महत्वपूर्ण सुविधाओं पर उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। साथ ही साथ जल्द ही इन सभी महत्वपूर्ण जरूरतों पर पूरा करने की बात कही। इसके बाद उन्होंने बहुचर्चित मिडिल स्कूल डाढा का भी जायजा लिया और विद्यालय परिसर की सुंदरता से अभिभूत विद्यालय प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। जहां। कैंपस के अलावे शौचालय और कमरा एवं पठन-पाठन विधि व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। दौरे में डाढा पंचायत मुखिया सुनीता देवी, मॉडल विद्यालय के अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता, मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहनवाज आलम , शिक्षक संजय कुमार दास, पवन चौधरी, श्वेता आनंद, रेखा अग्रवाल, वही मिडिल स्कूल के प्रधानाचार्य चितरंजन दास , सहायक शिक्षक सेवा दास, संजय मिश्रा, उर्मिला देवी , मनोज कुमार , सत्य नारायण दास के अलावे कई लोग उपस्थित थे।



## एक नजर में

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में लगा हेल्थ कैंप



**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत कर्मटांड़ में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन गोद लिए गांव पार नदी चंपाडीह में निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सरकारी विद्यालय में डॉ नीरज कुमार, जनरल फिजिशियन, सदर हॉस्पिटल, हजारीबाग द्वारा किया गया जिसमें, विभिन्न उम्र के 112 ग्रामीणों का स्वास्थ्य चेकअप किया गयो इस कैंप के माध्यम से निशुल्क निर्धन ग्रामीणों की स्वास्थ्य सेवा एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। हेल्थ चेकअप में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी किया सहयोग करने वाले प्रशिक्षुओं में अमित पांडे, रुस्तम, कमलकांत, अमित केसरी, दीपक, अनिल यादव, सोनू, कांति, शोभा, ममता , सुनीता, निशा, रवि, विकास, असगरी, अनिल शर्मा, चांदनी, मीरा, दिनेश, धर्मेंद्र, सनी, सीताराम जया, सुमन, दिव्या, नेहा,रेखा, रूपा, अंकिता, ट्विंकल, निशा,अपर्णा, प्रीती, मनीषा, मोनिका, प्रिया, जतिन, संतोषी, विनय, दीपक, विनय, दीपक, रूपा, प्रफुल्ल सुमिता, सीमा आदि प्रमुख थे एनएसएस पदाधिकारी डॉ शिवकुमार राणा सहित प्रो. जितेंद्र झा, प्रो. सुनील कुमार वर्मा, प्रो.विकास सिंह यादव, प्रो. सरिका मेहता प्रो. प्रियंका कुमारी, प्रो. अंशु लकड़ा एवं प्रो. निशा कुमारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया ।

### 10वीं में पिपचो के छात्रों ने लहराया परचम

दारू। प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों ने दसवी की परीक्षा में काफी बढ़िया प्रदर्शन किया है। मिशन स्कूल पिपचो के छात्रों ने इस वर्स भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस विद्यालय के पंकज यादव ने 89 .60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉपर छात्र बने है।इसी तरह कशिश प्रवीण 86 .60,रितिका सिन्हा 86 .40 सुनैना कुमारी 86 .20 नमन राज 86 .20,ईशु अंश 82 .80, सुधांशु कुमार 82 .60 शिवसागर कुमार 80 .80, अमित रंजन कुमार 80 .80 और मोहित कुमार ने 77 .60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के इस सफलता प्रधानाध्यापिका ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना कियो

### चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरही।** बरही के शादी मुहल्ला कोनरा निवासी मो इरफान पिता अब्दुल रजाक को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरही थाना कांड संख्या 145/23 दिनांक 05/04/2023 धारा-457/380 भादवि दिनांक 05 .04 .023 को वादी राजेश रजक, पिता भुवनेश्वर रजक, कोनरा गिलान टोला, थाना- बरही, जिला हजारीबाग के कम्प्युटर टंकित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोर के विरूद्ध वादी के घर में घुसकर 15,000 रूपया नकद, सोना को मंगलसूत्र, 16 भर चांदी का पायल एवं विवो कम्पनी का मोबाईल चोरी कर लेने के आरोप में उक्त काण्ड अंकित किया है। जिसके अनुसंधान के क्रम में आज दिनांक 13 मई को मो इरफान, पिता अब्दुल रजाक, ग्राम शादी मुहल्ला कोनरा थाना बरही, जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### चरही में किसानों का दिया गया प्रशिक्षण

**चरही ।** शनिवार को चुरचू नारी ऊर्जा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा लखपति किसानों को बहेरा पंचायत भवन में लाह खेती के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।यह प्रशिक्षण झासको लैंप के पदाधिकारी एवं आईआई एनआरजी नामकुम रांची के लाह वैज्ञानिक डॉ.देवेंद्र सिंह,संजीत कुमार,प्रवीण कुमार,वैज्ञानिक डॉ.अजय कुमार हजारीबाग सहकारिता विभाग के एनएम होरो के द्वारा दिया गया।इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के 100 महिला-पुरुष किसान शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में किसानों को लाह की खेती के बारे में जानकारी दी गई।तथा खेती के लिए किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर टूल किट भी उपलब्ध कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीनी टाटा ट्रस्ट के शिवा मोची, सपोर्ट संस्था के अभिजीत,अर्चना,सुजाता,बासुदेव सोरेन,सुधन लाल सोरेन,समुद्र गंझू,मंगलदेव गंझू,प्रकाश टुडू सहित अंगों चुरचू,पंचायत चरही,चनारो और बहेरा पंचायत के किसान उपस्थित थे।

### कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बरही में जश्न

**बरही।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम में कांग्रेस पार्टी को चुनाव में प्रचंड जीत मिली है, जिससे कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल है। जीत के बाद खुशी जाहिर करते हुए बरही प्रखंड के कांग्रेस उपाध्यक्ष यमुना यादव ने कहा की कर्नाटक विधानसभा का चुनाव परिणाम समस्त देश के लिए इशारा है की 2024 में परिवर्तन का लहर बहेगा और जुमलेबाजो को जनता जवाब देगी। यह संकेत है की भाजपा के सभी नेता कितना भी मुस्तैदी से क्षेत्र रक्षण करे, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी बॉल को तेजी से सीमा लाइन के बाहर एक ही शॉट में कर सकते है। धार्मिक प्रोपगंडो को त्याग कर जनता महंगाई, करप्शन, पीड़ित किसान मजदूर और बेरोजगारी को अहम मानते है। यह संकेत है की आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस मजबूती से चुनाव लड़ कर राहुल गांधी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाएगी।उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि यह पार्टी के समर्पित कार्यकताओं एवं समर्थित जनता की जीत है।

### डीएवी तापीन नार्थ के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

चरही । डीएवी तापीन नार्थ के विद्यार्थियों ने सत्र 2021-23 सीबीएसई दसवीं बोर्ड और बारहवीं बोर्ड़ परीक्षा में शानदार सफलता हासिल किया है।जिसमें सत्यम सागर 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दिव्या कुमारी 93 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान और सुमित कुमार 92 प्रतिशत प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त किया।सत्यम कुमार ने गणित, सामाजिक विज्ञान तथा कंप्यूटर साइंस में सौ-सौ अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वही 12वीं बोर्ड की परीक्षा में अमन कुमार 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,अमन कुमार 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान तथा अंकित कुमार 81.60 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान को प्राप्त कर विद्यालय के नाम को रौशन किया है। प्राचार्य डॉ. रानी जायसवाल ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

### चापाकल लगाने से नही होगा विकासः सोनू

**केरेडारी ।** हजारीबाग जिला के केरेडारी वा बड़कागांव प्रखंड में कोल परियोजना होने के बावजूद विकास से अधूरा है। कोयले के उत्खनन वा बालू का रॉयल्टी सबसे अधिक बड़कागांव विधान सभा से राज्य सरकार को मिलता है। इसके बावजूद क्षेत्र का विकास नगण्य है। यहां के रॉयल्टी का पैसा से दूसरे जगह विकास योजनाओं का कार्य किया जा रहा है। बड़कागांव के समाज सेवी सोनू इराकी ने कहा की बड़कागांव विस क्षेत्र में पेयजल, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा का अभाव है। हमारे क्षेत्र के रॉयल्टी के पैसे से दूसरे विस क्षेत्र में काम कराया जा रहा है। और बरकागांव विधायक जिला योजना समिति की बैठक चुप्पी साधे हुऐ है। आगे कहा की बड़कागांव और केरेडारी में सिर्फ चापाकल का योजना पास हो रही है। बड़कागांव में पार्क, बस स्टैंड केरेडारी में मॉडल मार्केट का निर्माण कराने, केरेडारी मेन चौक के पास 20 से 25 दुकान बना कर वहां के स्थानीय लोगों का देने की बात कहे। साथ ही युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने हजारीबाग उपायुक्त से मिल कर क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का अपील करेंगे।

# ऑक्सीजन कालोनी में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के निर्माण में रोड़ा डाल रहे भाजपा जिला अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने भुइयांडीह ऑक्सीजन कालोनी में टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा बनाये जा रहे वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के निर्माण में बाधा डालने के लिए भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की कड़ी निंदा की है और कहा है कि कंपनी मैदान के पूजा स्थल को छोड़ने को तैयार है तब भी काम में बाधा डालना इस बात को प्रमाणित करता है कि अध्यक्ष निजी लाभ के लिए ऐसा कर रहे हैं। विधायक ने कहा है कि असली बात है कि मैदान के एक बड़े हिस्से में व्यवसायिक वाहन को पार्किंग करवा कर गलत तत्व वहां मोटी राशि वसूलते हैं,और वाटर ट्रिटमेंट प्लांट बन जाने से उनकी अवैध कमायी बंद हो जायेगी। वाटर ट्रिटमेंट प्लांट बन जाने से आस-पास की बस्तियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगा। विधायक ने कहा है कि वे जल्द ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से मिल कर भाजपा जिला अध्यक्ष की जनविरोधी गतिविधि की शिकायत करेंगे। विधायक सरयू राय ने यहां जारी बयान में कहा है कि जमशेदपुर के सबसे पिछड़े इलाकों के करीब 10 हजार लोगों के लिए आरंभ की गई पेयजल परियोजना का कार्य भाजपा जमशेदपुर के महानगर अध्यक्ष ने दबंगई दिखाकर कार्य रोकवा दिया। मेरी डेढ़ साल की कड़ी मेहनत और प्रयास के बाद यह योजना स्वीकृत हुई है और टाटा स्टील से भूईयांडीह, बाबूडीह, छाईबस्ती, लालभट्ठा के पिछड़े इलाकों के लोगों के लिए कंपनी ने आवश्यक निधि भी स्वीकृत कर दिया है। योजना स्थल के चाहरदिवारी का काम भी शुरू हो गया है। परन्तु अचानक कल खबर आई कि भाजपा के जमशेदपुर जिलाध्यक्ष ने योजना स्थल पर जाकर काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट किया और उन्हें वहां से भगा दिया। विदित हो कि जिस भूखंड पर इस पेयजल परियोजना के लिए आवश्यक संयंत्रों को स्थापित करने का काम शुरू हुआ वहां पर एक तरफ पूजा स्थल है और बाकी मैदान है। उक्त मैदान में ट्रकों, टेज्लरों के मालिक अपना वाहन खड़ा करते है और कुछ लोग उनसे पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने के एवज में पैसे की वसूली करते है। जहां तक पूजा स्थल की बात है तो टाटा स्टील के अधिकारियों ने भी कहा है कि वहां के निवासी जो स्थान चाहते है, वह स्थान पूजा स्थल के लिए छोड़ दिया जायेगा। इस पर पूजा समिति के लोग भी सहमत है। परन्तु जिन लोगों का निहित स्वार्थ वहां पार्किंग किये जाने वाले भारी वाहनों से वसूली करने में है, उनके स्वार्थ पर पंहुचनेवाली चोट के पक्ष में खड़े होकर काम रोकवा देना भाजपा की कार्य-संस्कृति के अनुकूल कैसे हो गयी, उसका जवाब जनता चाहती है। सरयू राय का कहना है कि अभी योजना पर काम शुरू हुआ है। एक वर्ष के भीतर पानी साफ करने का संयंत्र यहां खड़ा हो जायेगा और वहां से घरों तक पेयजल पंहुचने का काम पूरा हो जायेगा। परन्तु ऐसा लगता है कि जो लोग पिछले 25 वर्षों से ऐसे पिछड़े इलाकों में पीने का पानी तक नहीं दे पाये हैं, उनके लिए यह परियोजना स्वीकृत हो जाना, निधि का आवंटन हो जाना और त्वरित गति से काम शुरू हो जाना सदमे जैसा है, उन्हें ये पच नहीं रहा है। इसलिए वे चाहते है कि इस योजना के क्रियान्वयन में विलंब हो। इस समय पीने के पानी की कठिनाई आसानी से समझा जा सकती है। परंतु जो लोग निहित स्वार्थी तत्वों के पक्ष में है, उनको जनता की इस कठिनाई से लगता है कि कोई लेना-देना नहीं है।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से करुंगा शिकायत : सरयू राय


विधायक सरयू राय।


गुंजन यादव।

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के इशारे के बिना छींकते भी नहीं गुंजन : विधायक

जमशेदपुर महानगर जिला भाजपा के अध्यक्ष के बारे में कहा जाता है कि वे जमशेदपुर के निवासी और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का इशारा हुए बिना खांसते-छींकते भी नहीं है। उनके द्वारा पेयजल परियोजना का काम दबंगई दिखाकर रूकवाने के पीछे भी ऐसा संकेत हो सकता है। मैं इस बारे में भाजपा के प्रदेश स्तर के नेताओं से भी बात करूंगा और कहूंगा कि यदि जनहित के काम में अडंगा डालना भाजपा के जिला अध्यक्ष का आचरण हो गया है तो इस बारे में हमारे जैसे लोग और जमशेदपुर की जनता क्या समझ बनायेगी, यह प्रदेश के नेताओं को स्पष्ट करना चाहिए। ऐसा लगता है कि जनहित के काम में अडंगा डालना, हिन्दु हितों के कार्यों में व्यवधान डालना भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों का मुख्य काम हो गया है। विधायक ने कहा है कि लोकतंत्र में हर तरह की समस्या का समाधान संवाद के माध्यम से करना श्रेयस्कर होता है। यदि भाजपा के जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष को कोई समस्या थी तो भले ही वे मुझसे नहीं संवाद करते, परंतु टाटा स्टील पेयजल विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों से इस विषय पर संवाद स्थापित कर ही सकते थे।

## स्पीड न्यूज

### 50 युवतियों को द केरल स्टोरी फिल्म दिखायेगा नाम्या फाउंडेशन




**जमशेदपुर।** सच्ची घटनाओं पर आधारित फिल्म 'द केरल स्टोरी' की विशेष स्क्रीनिंग सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के द्वारा रविवार को डिमना हाइवे रोड स्थित आईलेक्स मल्टीप्लेक्स में किया जाएगा। रविवार सुबह 10 बजे प्रारंभ होने वाले फिल्म के विशेष स्क्रीनिंग में नाम्या स्माइल फाउंडेशन ने लौहनगरी जमशेदपुर से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले 50 संघर्षशील युवतियों को सूचीबद्ध किया है। इस दौरान नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के संग संस्था के सदस्यगण मौजूद रहेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि शहर के 50 युवतियां जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर अपना जीवन-यापन व्यतीत करती हैं, उन सभी के लिए संस्था ने विशेष स्क्रीनिंग की व्यवस्था की है। उन्होंने वास्तविकता से परिचय कराने एवं धर्मान्तरण एवं आतंकवाद जैसे गंभीर विषयों के विरूद्ध जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाली 'द केरल स्टोरी' फिल्म को अधिक से अधिक लोगों से देखने की अपील की है।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन



**जमशेदपुर।** विद्यालय में अभिभावकों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने और बच्चों के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास के उद्देश्य से शेन इंटरनेशनल स्कूल में 'मातृत्व दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों की माताएं शामिल हुई और इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर पूरे आयोजन का जमकर लुत्फ उठाया। स्कूल की प्राचार्या पुष्पा भल्ला, प्राचार्या रमा श्रीनिवास उप प्राचार्या केया अदक और हेडमिस्ट्रेस सिमरन सग्गू सहित कार्यक्रम में मौजूद माताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उनके द्वारा केक काटकर सभी को मातृत्व दिवस शुभकामनाएं दी गई। जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने उपस्थित अतिथियों का वेलकम डांस के साथ स्वागत किया। अंत में 'मिसेस शेफ' 'डांसिंग क्वीन' और 'सुपरमॉम 'की उपाधि प्रदान करते हुए माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### हवाई किराये की अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगे : अनिल मोदी



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सचिव (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर उड्डयन कंपनियों द्वारा हवाई किराये मे की गई अप्रत्याशित वृद्धि पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञात हो कि उड्डयन कंपनी गो एयर नें अपनी उड़ानें बन्द कर दी है। इसी का फायदा उठाकर विमानन कंपनियों ने अपने भाड़े में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी है। जिसका सीधा खामियाजा व्यापारी एवं आम उपभोक्ता को उठाना पड़ रहा है। विमानन कंपनियां आपदा में अवसर तलाश रही है जो कि सैद्धान्तिक रूप से गलत है। भाड़ा वृद्धि का आलम यह है कि रांची से दिल्ली के लिए 4 से 5 हजार तक मिलने वाली टिकट 15 से 18 हजार में मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने आग्रह किया कि मंत्रालय को इस मामले में हस्तक्षेप कर मनमानी वृद्धि पर रोक लगानी चहिये एवं किराये की अपर लिमिट तय करनी चहिये ताकि भविष्य में इस तरह के हालात पैदा न हों।

### सेंट मेरीज स्कूल के युवराज ने हासिल किया 85 फीसदी अंक



**जमशेदपुर।** सेंट मेरीज इंग्लिश हाई स्कूल, बिष्टुपुर के युवराज गुप्ता को सीबीएसई 12 वीं प्योर साईंस में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री से युवराज को खास लगाव है।

### दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स में हर खरीदारी पर छूट

**चांडिल।** गर्मी के इस सीजन में एसी, कूलर, फ्रिज एवं पंखे की खरीदारी के लिए पधारे चांडिल बस स्टैंड दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स। दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स के दिनेश गुप्ता ने कहा सभी लोगों की बजट को ध्यान में रखते हुए दिनेश इलेक्ट्रॉनिक्स चांडिल में एसी, कूलर, फ्रिज एवं पंखे मोबाइल फोन एवं कई प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम आकर्षक रेंज उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आईफोन एवं किसी भी मोबाइल की खरीदारी पर अपने ग्राहकों को आकर्षक छूट दे रही है।

# धोबनी गांव में पुनर्वासित किये जायेंगे चाटीकोचा के ग्रामीण

## चाटीकोचा पहुंच कर ग्रामीणों से मिली उपायुक्त विजया जाधव, कहा- पुनर्वासन को लेकर प्रशासन गंभीर

खबर मन्त्र ब्यूरो


टेलिंग पांड का जायजा लेती डीसी विजया जाधव।


ग्रामीणों की समस्या नोट करती डीसी।


टेलिंग पांड का निरीक्षण करने पहुंची डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड अंतर्गत चाटीकोचा गांव के ग्रामीणों का पुनर्वासन, यूसीआइएल में नौकरी तथा अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा को लेकर उपायुक्त विजया जाधव जिले के अन्य वरीय अधिकारियों के साथ चाटीकोचा गांव पहुंची। उपायुक्त ने जमीन अधिग्रहण के पश्चात यूसीआइएल द्वारा किए गए मुआवजा भुगतान, ग्रामीणों के नौकरी तथा गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। कुछ लोगों ने मुआवजा राशि अबतक नहीं लिया है जो ट्रेजरी में जमा रह गया है उसकी वस्तुस्थिति को भी जाना। ग्रामीणों ने बताया कि विस्थापन के समय 46 परिवारों का गांव था जो बढ़कर अब 68 परिवार हो गया है। उन्होने मांग किया कि जो कर्मी मृत हो गए उनके परिजनों को यूसीआइएल अनुकंपा पर नौकरी दे, साथ ही जिन लोगों का नौकरी के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है उसमें तेजी लाया जाए। कहा कि अनुकंपा पर नौकरी नहीं मिलने से यहां के लोगों के सामने बेरोजगारी एक बडी समस्या हो जाएगी, जमीन रहा नहीं कि आगे कृषि कार्य से भी भरण पोषण कर सके। गांव में खराब गुणवत्ता के पानी सप्लाई की बात कही जिसपर उपायुक्त ने तत्काल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता को सैंपल कलेक्शन करते हुए जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों ने टेलिंड पॉन्ड गांव से एकदम सटे होने के कारण यूरेनियम कचड़े के धूलकण से बीमारी से प्रभावित होने की बात बताई। ग्रामीणों ने धोबनी गांव में उनके पुनर्वास के लिए प्रति परिवार उपलब्ध कराये जाने वाले 12 डिसमिल की जमीन को भी नाकाफी बताया। ग्रामीणों ने कहा कि सिर्फ बसावट से नहीं बल्कि उन्हें कुछ कृषि करने योग्य भी जमीन मिले, साथ ही खेलकूद का मैदान, धार्मिक अनुष्ठान का स्थल, स्कूल, चिकित्सा की भी समुचित व्यवस्था हो। ग्रामीणों की एक-एक मांग को उपायुक्त ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही उनके पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होने मौके पर मौजूद पोटका के सीओ को इसी तरह से धोबनी के ग्रामीणों से भी वार्ता कर जल्द से जल्द पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही। ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होने के बाद उपायुक्त दल बल के साथ टेलिंग पॉन्ड का निरीक्षण करने पहुंचीं। ग्रामीणों की शिकायत थी कि टेलिंग पॉन्ड ओवर फ्लो होता है जिससे आसपास का पानी दूषित होता है, रेडियोएक्टिविटी के कारण बीमारी से ग्रसित होने का खतरा रहता है। मौके पर मौजूद यूसीआइएल के अधिकारियों ने टेलिंग पॉन्ड को लेकर पूरी जानकारी दी, हालांकि यूरेनियम के कचड़े से संभावित किसी खतरे से इनकार किया। मौके पर पाया गया कि पॉन्ड के एरिया में ही बने जाहेर स्थान के पेड़ सूख गए हैं। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ग्रामीणों की मांग को देखते हुए यूसीआइएल के अधिकारियों से स्वास्थ्य कैम्प तथा पेयजल की गुणवत्ता की समस्या हो तो जांच कर उसका निराकरण के निर्देश दिए, तथा अनुकंपा पर नौकरी, नौकरी को लेकर प्रक्रियाधीन आवेदनों पर तेजी लाने तथा ग्रामीणों की अन्य जरूरी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, सीओ पोटका इम्तियाज अहमद, बीडीओ निखिल कच्छप तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बीरबल की खिचड़ी से भी आगे निकला मानगो का पानी टंकी का निर्माण : विकास


खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पूरे मानगों में पानी का संकट गहराता जा रहा है पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। स्थानीय लोगों ने भाजपा नेता विकास सिंह के नेतृत्व में मानगों के यूको बैंक के बगल में वन विभाग की जमीन में लगभग पांच वर्ष छःमहीने से बन रहे अर्ध निर्मित पानी टंकी के कार्यस्थल पर जाकर जमकर बवाल काटा, नारे लगाए। मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने कहा कि बीरबल की खिचड़ी बनते देखा नहीं था सुना था लेकिन मानगों का पानी टंकी का निर्माण बीरबल की खिचड़ी को भी पीछे छोड़ दिया है। मौके पर प्रदर्शन कर रहे स्थानीय लोगों ने स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता के खिलाफ जमकर नारा लगाते हुए कहा कि आज से पांच वर्ष छः महीने पूर्व योजना का शिलान्यास तत्कालीन मंत्री सरयू राय एवं सांसद विद्युत वरण महतो ने किया था। तेरह करोड़ तीरासी लाख रुपये की लागत से बनने वाली टंकी अभी तक आधी अधूरी है।

## लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो जुबली पार्क में फिर से खुला, रोशनी और ध्वनि का हुआ शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड जुबली पार्क में अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो के फिर से शुरू होने की घोषणा करते हुए रोमांचित है। महीनों की मरम्मत और रखरखाव के काम के बाद शो इस अविश्वसनीय प्रदर्शन का अनुभव करने तथा आगंतुकों का स्वागत करने के लिए तैयार है। शनिवार शाम 7 बजे से, निवासी और आगंतुक समान रूप से एक बार फिर से जुबली पार्क अद्भुत लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो का आनंद ले सकते हैं। इस शो में जीवंत लेजर रोशनी और मोहक संगीत रचनाओं का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण है, जो उपस्थित सभी लोगों के लिए एक मनमोहक दृश्य बनाता है। अपने दर्शकों की सुविधा को पूरा करने के लिए, जुबली पार्क ने हर मंगलवार, शनिवार और रविवार को दो शो निर्धारित किए हैं। पहला शो शाम 7 बजे शुरू होगा, इसके बाद 7:45 बजे एक अतिरिक्त शो होगा। लेजर और म्यूजिकल फाउंटेन शो में प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 50 रुपये है, जो मनोरंजन की एक शाम के लिए बहुत अच्छा मूल्य है। टिकट लेजर शो काउंटर पर खरीदे जा सकते हैं।

## श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए सरायकेला-खरसावां जिले के एसडीओ श्रीराम कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि सुखदेव महतो अध्यक्ष श्रीनाथ पब्लिक स्कूल आदित्यपुर गोविन्द महतो कुलपति श्रीनाथ विश्व विद्यालय दिलीप कुमार महतो अकदमिक निर्देशक संजय कुमार सिंह प्रधानाचार्य समस्त शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राए उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का श्री गणेश किया गया। शिविर के विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। ग्रुप ए चित्रांकन एवं रोगान में प्रथम स्थान कुमार सोहम द्वितीय स्थान अरित्रो बनर्जी तृतीय स्थान स्पर्श अग्रवाल कठपुतली निर्माण में प्रथम स्थान काशवी अरोड़ा द्वितीय स्थान, पियूष शाह तृतीय स्थान, हंसराज पेपर क्राफ्ट में प्रथम स्थान अमीषा महतो द्वितीय स्थान काशवी अरोड़ा एवं वैष्णवी तृतीय स्थान आरती महतो आइसक्रीम स्टिक वॉल हैंगिंग में प्रथम स्थान नीतू वर्मन द्वितीय स्थान हर्षित गोराई तृतीय स्थान प्रीतिश मंडल और आर्यन गुप्ता रहे वही उंगली में चित्रकारी में प्रथम स्थान शाश्वत ज्योति आयांश तृतीय स्थान पेपर वर्क में प्रिंस कुमार यादव सृष्टि नाग एवं आशा अथर्व सिंह क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किए।

## मंत्री बन्ना समर्थकों ने कर्नाटक की जीत पर कदमा में निकाला विजय जुलूस



कर्नाटक में कांग्रेस की जीत में देश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। इसको लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश परसोनारी, कदमा कांग्रेस कार्यालय, कदमाबाजार, धतकीडीह, बिस्टुपुर, मानगो खुदीराम बोस चौक में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। वक्ताओं ने बताया कि अब देश समझ गया है कि मन की बात करने वाले नहीं बल्कि देश की बात सुनने वाले लोग को वोट देना है। इस जीत का पूरा श्रेय पार्टी नेतृत्व, हमारे नेता राहुल गांधी, सोनिया, प्रियंका और मालिक्काअर्जुन खड़गे जी को जाता है। इस दौरान भोला गोस्वामी, मनोज झा, प्रभात ठाकुर, बबुआ झा कैलाश रजक, संजय तिवारी, माजिद अख्तर,जितेन,स्वरूप सिंह,प्रवीण साहू, मानस गिरी, दिनेश पोद्दार, विकी लाल, तुलादा, राम दरस राय, राजू दास, राकेश जसवाल, राजकुमार दास, सोंटी रजक, सावन मुखी, बिशु, संजीव झा, जय कुमार, कृष्णा शर्मा,राजेश रजक,वीरेंद्र पांडे,एन श्रीवास्तव, इरसाद हैदर, आगेस्टिंग विल्सन,रवि दुबे, बापी साहू, अशोक सिंह,राजेश गोराई, शिवा, ईश्वर सिंह, जीतू सिंह, जयंत कुमार, अखिलेश सिंह, संजय शर्मा, अरविंद रजक,जितेंद्र गुप्ता, राजेश दास, मदन साहू, आशीष, विनोद साहू, अख्तर, दिनेश लोहार, बलजीत सिंह, बबन शुक्ला, बंटीं शर्मा, सुकू चौहान, भरत गढेवाल, संतोष जैन, राजेश नाग, बिनोद रजक, संजय कुमार सिंह, भुनेश्वर प्रसाद, अरूप चक्रवर्ती, फाल्गुनी बनर्जी, अशोक सिंह, रवि साहु,संदीप शर्मा, केदारनाथ शर्मा,सुनीत ठाकुर, हरी दास, उषा यादव, शिल्पी चक्रवर्ती, बेबी मूंडा, सुलोचना, प्रेमी अंथोनी, अशोक अंथोनी, सविता रजक,गौरी रजक, कैलाश ठाकुर उपस्थित थे।

## कर्नाटक की जीत से बल्लियों उछले कांग्रेसी, कहा- केंद्र सरकार की उलटी गिनती शुरु

खबर मन्त्र ब्यूरो


साकची में जीत की खुशियां मनाते जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे व साथी कांग्रेसी।


साकची गोलचक्कर पर कांग्रेसियों में यूं दिखा जोश।

**जमशेदपुर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली शानदार जीत ने जमशेदपुर के कांग्रेसियों को लंबे समय बाद बल्लियों उछलने का मौका दिया। कांग्रेसी कहीं लड्डू बांटे तो कहीं जीत की खुशी में जुलूस निकाले। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे की अगुवाई में साकची गोलचक्कर पर आम नागरिकों के बीच 101 किग्रा लड्डू का वितरण किया गया।

**बेरोजगारी, महंगाई व राजनीतिक अनैतिकता वालों को जवाब मिला : दुबे**

लड्डू वितरण कार्यक्रम का आयोजन आनन्द बिहारी दुबे के अगुवाई में कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों के साथ कर्नाटक जीत के उपलक्ष में जश्न मनाया। खुशी के अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कर्नाटक के महान जनता को बधाई देते हुए भुरी भुरी प्रशंसा किया।

भाजपा ने 2018 में अनैतिक रूप से कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित विधायकों को 100 करोड के लालच में फंसाकर चोरी की सरकार बनाई। और भाजपा सरकार के राज में हर क्षेत्र में अनैतिक कार्य किया। जिससे कर्नाटक की जनता त्राहिमाम थी, महंगाई कम करने पर कोई बात नही होती थी, ढाई लाख सरकारी पद पर बहाली रोकी गई थी, छात्रों के पढाई बहुत महंगे कर दी गई थी, मध्यम और छोटे व्यवसायियों के विरुद्ध कडे नियम लगा कर परेशान की जाती थी, कर्नाटक में बड़े उद्योगपतियों का सत्कार और छोटे उधोगों पर अत्याचार की नीति थी। अब कर्नाटक के आम जनता के सुख के दिन कांग्रेस सरकार के राज में प्रारंभ होगा और सम्पूर्ण देश में परिवर्तन की लहर फैलेगी। 2024 में कांग्रेस की सरकार लाने में आम जनता साथ जुड़े यही आह्वान कर रहा हूं। लड्डू वितरण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, मो सलीम, रामाश्रय प्रसाद, ब्रजेन्द्र तिवारी, एल बी सिंह, परविंदर सिंह, के के शुक्ल, योगेंद्र सिंह यादव, अवधेश कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, गुरदीप सिंह, आनन्द मय पात्रा, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, संजय यादव, हन्ने भाई, रजनीश सिंह, पवन कुमार बबलू, रंजीत सिंह, सुदर्शन तिवारी, सूर्या राव, गीता सिंह, सुशीला पाण्डेय, रमन खान, ज्योति मिश्र, कैसर आलम अंसारी, अजय मिश्र, अमर कुमार मिश्र, राजकुमार वर्मा, सुनील प्रसाद, नलिनी सिन्हा, रंजीत झा, हरिहर प्रसाद, मो सगीर, सन्नी सिंह, शाहिद इकबाल आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### टाटा मेन अस्पताल की नर्सों ने नर्स दिवस मनाया


वीपी चाणक्य चौधरी।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती नर्सें।

**जमशेदपुर।** फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती की याद में हर साल 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग की अग्रणी और संस्थापक माना जाता है। इस अवसर को सार्थक बनाने के लिए टाटा मेन अस्पताल की नर्सों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों का आयोजन करके इस दिवस को मनाया। शाम को टाटा मेन अस्पताल परिसर के अंदर रोज गार्डन में एकल नृत्य प्रस्तुति, युगल नृत्य, स्किट, संबलपुरी नृत्य, डांडिया नृत्य, संथाली नृत्य आदि ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष की थीम -हमारी नर्सें-हमारा भविष्य है। इस अवसर पर टीएमएच परिसर के अंदर कोविड वारियर पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस मौके पर चाणक्य चौधरी, वाईस प्रेसिडेंट, कॉपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील मुख्य अतिथि थे। उनके उत्साहजनक शब्दों ने नर्सों को कोविड-19 के बाद प्रेरित और उत्साहित किया, जो चिकित्सा बिरादरी के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय था। डॉ सुधीर राय जेनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने दर्शकों को संबोधित किया और अपने विचार साझा किए। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मैरीकुट्टी बाबू ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और नर्सों के बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने नर्सों को उनके पेशे के महत्व और जिम्मेदारियों के बारे में भी याद दिलाया। टीएमएच के सभी विभागाध्यक्षों और एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने समारोह में शामिल होकर आभार व्यक्त किया।

### झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर के समर कैम्प का विधिवत उद्घाटन आज टेल्को रिक्रिएशन क्लब में सम्पन्न हुआ। कैम्प का उद्घाटन टाटा मोटर्स वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, यूनियन के महामंत्री आर के सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा एवं समाजसेवी डॉ संजय गिरी ने संयुक्त रूप से किया। झारखंड मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य कोच सुनील प्रसाद के नेतृत्व में साल 2014 से निरंतर गर्मी के छुट्टियों में स्कूल के बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन होता आ रहा हैं। बड़ी संख्या में क्षेत्र के बच्चे एवं बच्चियां इस कैम्प में भाग लेते हैं। यह कैम्प आगामी 21 मई तक चलेगा जिसमे, मार्शल आर्ट, कराटे, फिजिकल फिटनेस, जुम्बा डांस, ट्रेककिंग एवं अन्य गतिविधियां समिल्लित हैं। मौके पर उपस्तिथ ट्रेनिंग सेंटर के चेयरमैन व भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया कि आजकल समर कैम्प होना अति आवश्यक हो गया हैं हैं। आज के आधुनिक युग में जहां छोटी उमर में बच्चें मोबाइल, टीवी एवं कंप्यूटर से बाहर ही नहीं निकलना चाहते वैसे बच्चे अपने बचपन को कही खो दे रहे हैं। स्वस्थ शरीर के लिए कसरत व मैदान में खेलकूद बहुत जरूरी हैं। इस तरह के आयोजन होने से बच्चे प्रोत्साहित होंगे व स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होंगे। इस कैम्प में लगी पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर आए टाटा मोटर्स वर्क्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते , यूनियन के महामंत्री आर के सिंह, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा एवं समाजसेवी डॉ संजय गिरी ने भी संबोधित किया। इस आयोजन को सफल बनाने केलिए में मुख्य कोच सुनील कुमार प्रसाद, कोच शिल्पी दास, आदर्श कुमार, मैडडी हेम्ब्रम, ऋषिकेश, अमन कुमार, शिवानी, हरजीता, नितिका राय, कुश कुमार एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान हैं।

### अंशु को मिला 'योगी राज इंडिया' का खिताब



**जमशेदपुर।** योग के क्षेत्र में पिछले 40 वर्षों से भी अधिक समय से सक्रिय रहकर कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिताब अपने नाम करनेवाले लौहनगरी के योग गुरु अंशु सरकार को कोलकाता में 'योगी राज इंडिया-2023' की उपाधि से नवाजा गया। सम्मान प्राप्त कर शनिवार को सरकार शहर लौटे। सरकार को उक्त सम्मान कोलकाता के चंदननगर के रविन्द्र भवन में आयोजित '21वीं नेशनल योगासना कप' प्रतियोगिता समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ईस्टर्न जोन योगा डेवलपमेंट फोरम, योगा ओ कला केन्द्रम, वर्ल्ड स्पोर्ट्स फेडरेशन, फिटनेस फेडरेशन एवं यूनिवर्सल योग नामक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चंदननगर म्युनिसिपल कॉपोर्रेशन के मेयर राम चक्रवर्ती तथा अन्य सम्मानित अतिथि पार्षद शोभन चक्रवर्ती शामिल हुए। सरकार को मेयर चक्रवर्ती ने अंगवस्त्रम, ट्रॉफी व मोमेंटम प्रदान किया।

### अग्रवाल युवा मंच ने राहगीरों के बीच फल एवं शर्बत का किया वितरण



जमशेदपुर। भीषण गर्मी को देखते हुए एवं सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए अग्रवाल युवा मंच, जमशेदपुर द्वारा सेवा शिविर का आयोजन साकची महालक्ष्मी मंदिर के प्रांगण ठाकुरबाड़ी रोड में किया गया। 3000 राहगीरों के बीच शीतल पेय जल,तरबूज एवं शर्बत का वितरण किया गया। अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा की भीषण गर्मी को देखते हुए इस तरह के कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महासचिव महेश भाऊका, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, समाजसेवी अशोक चौधरी, कमल किशोर अग्रवाल, लिप्पू शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सन्नी संघी, नवनीत चौधरी, सुमित मूनका, राहुल चौधरी, ऋषभ चेतानी, रोहित चौधरी, कौशिक मोदी, दिवेश चौधरी, रजनी बंसल, निभा मोदी, दीपक चेतानी, मोहित मूनका, गौरव अग्रवाल सहित समाज बंधुगण उपस्थित थे।

### मातृ दिवस पर अग्रवाल युवा मंच करेगा गौ सेवा

**जमशेदपुर।** हिंदू धर्म में हम लोग गाय को माता मानते हैं। गौमाता से हमें दूध, गोमूत्र, पंचगव्य गोबर मिलता है जो मानव जीवन में बहुत उपयोगी है। इसलिए अग्रवाल युवा मंच मातृ दिवस के अवसर पर 14 मई रविवार सुबह 11:30 बजे जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला जाकर गौमाता की सेवा करने का निर्णय लिया है। अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा की गौमाता की सेवा यानी 33 कोटि देवी देवताओं की सेवा करना है। उन्होंने जमशेदपुरवाशियों से रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर गौमाता की सेवा करने की अपील की है।

# प्रेरक मांकड़ ने मचाया हैदराबाद में हाहाकार



एजेंसी

## जीतते-जीतते हारी हैदराबाद लखनऊ ने मार ली बाजी

**हैदराबाद।** आईपीएल 2023 के एक रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हरा दिया। मैच में 12वें ओवर तक हैदराबाद जीतते दिख रही थी, लेकिन मार्कस स्टॉइनिस और युवा प्रेरक मांकड़ ने जो गियर बदला तो लखनऊ की जीत दिलाकर ही दम लिया। पहले स्टॉइनिस ने हाथ खोले और 25 गेंदों में 2 चौके और 3 छक्के के दम पर 40 रन ठोके तो दूसरी छोर पर प्रेरक ने भी गेंदबाजों की नाम में दम कर दिया। स्टॉइनिस के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे निकोलस पूरन ने चौके-छक्के की बौछार कर दिया। हैदराबाद की टीम ने लखनऊ के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था।

इस जीत के साथ ही लखनऊ टीम पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गयी। हैदराबाद का टूर्नामेंट से बाहर होना 99% तय हो गया है। उसके 11 मैचों में 8 पॉइंट्स हैं। इससे पहले हेनरिच क्लासेन (47) और अब्दुल समद (नाबाद 37) के बीच छठे विकेट के लिए 40 गेंद में 58 रन की साझेदारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने बीच के ओवरों में लड़खड़ाने के बाद छह विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। क्लासेन ने 29 गेंद की पारी में तीन चौके और इतने ही छक्के लगाये जबकि समद ने 25 गेंद की पारी में एक चौका और चार छक्के जड़े।

टीम के लिए अनमोलप्रीत सिंह (27 गेंद में 36), कप्तान एडेन मार्कराम (20 गेंद में 28 रन) और राहुल त्रिपाठी (13 गेंद में 20 रन) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए कप्तान कृणाल पंड्या ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर विकेट चटकाये। युद्धवीर सिंह, आवेश खान, यश ठाकुर और अमित मिश्रा को एक-एक सफलता मिली। युद्धवीर ने मैच के तीसरे ओवर में अभिषेक शर्मा (पांच गेंद में सात रन) को विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक के हाथों कैच करा कर टीम को पहली सफलता दिलायी।

अगले ओवर में त्रिपाठी ने कप्तान कृणाल पंड्या के खिलाफ दो चौके जड़े। उन्होंने पांचवें ओवर में आवेश खान का स्वागत लगातार दो चौकों से किया। इसी ओवर में सलामी बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने भी दो चौका लगा कर टीम के स्कोर को 50 के पार पहुंचाया। अगले ओवर में यश ठाकुर के बाउंसर पर त्रिपाठी गच्चा खाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। मार्कराम ने नौवें ओवर में अमित मिश्रा के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन अनुभवी लेग स्पिनर ने इसी ओवर में अपनी ही गेंद पर अनमोलप्रीत का शानदार कैच लपका। क्रीज पर आये हेनरिच क्लासेन ने चौके के खाता खोला। उन्होंने 12वें ओवर में रवि बिश्नोई के खिलाफ चौका और छक्का लगाया। अगले ओवर में कृणाल ने लगातार गेंदों पर मार्कराम और ग्लेन फिलिप्स (शून्य) को चलताकर लखनऊ को दोहरी सफलता दिलायी। अब्दुल समद ने 14वें ओवर में ठाकुर के खिलाफ छक्का लगाया तो वहीं क्लासेन ने 16वें ओवर में मिश्रा की लगातार गेंदों को दर्शकों के पास भेजा। समद ने अगले ओवर में कृणाल के खिलाफ छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 150 के पार पहुंचाया। आवेश ने 19वें ओवर में समद से छक्का और क्लासेन से चौका खाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को कैच आउट कराया। यश ठाकुर ने आखिरी ओवर में समद से छक्का खाने के बाद भी सिर्फ नौ रन खर्च किये। लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम बैटिंग में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए। हालांकि जब वह फील्डिंग के लिए मैदान पर उतरे थे उन्होंने कायल मेयर्स का एक शानदार कैच लपक कर सबको हैरान कर दिया।

# प्रभसिमरन के बाद चला हरप्रीत बरार का जादू





## पंजाब ने दिल्ली को घर में 31 रन से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 59वें मैच में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को उसके घर में 31 रन से हरा दिया। इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रभसिमरन की शतकीय पारी से 167 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में दिल्ली सिर्फ 20 ओवर 8 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। प्रभसिमरन सिंह के 65 गेंद में 103 रन के बाद हरप्रीत बरार के चार विकेट की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के अहम दिल्ली कैपिटल्स 31 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पंजाब किंग्स प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें कायम रखी जबकि दिल्ली दौड़ से बाहर हो गयी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में दिल्ली शानदार शुरूआत के बावजूद मध्यक्रम की नाकामी की बदस्तूर जारी दास्तान के कारण आठ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। इस हार के साथ दिल्ली (12 मैचों में आठ अंक) के प्लेऑफ में पहुंचने के रास्ते बंद हो गये जबकि पंजाब 12 मैचों में 12 अंक लेकर छठे स्थान पर पहुंच गई हालांकि उसे बाकी दोनों मैच भी अच्छे अंतर से जीतने होंगे। एक समय पर दिल्ली का स्कोर बिना किसी नुकसान के 68 रन था और पावरप्ले के छह ओवर में डेविड वॉर्नर और फिल साल्ट ने 64 रन जोड़े थे । इसके बाद हालांकि दिल्ली ने छह विकेट 19 रन के भीतर गंवा दिए। बराबर ने नौवें ओवर में रिली रोसोयू (पांच) और वॉर्नर को आउट करके दिल्ली की पारी की कमर तोड़ दी। वॉर्नर को मैदानी अंपायर ने नॉट आउट करार दिया था लेकिन डीआरएस पर उन्हें एलबीडबल्यूआउट दिया गया। वहीं रोसोयू को उन्होंने डीप मिडविकेट सीमा पर सिकंदर रजा के हाथों लपकवाया। बरार ने चार ओवर में 30 रन देकर चार विकेट चटकाए। फॉर्म में चल रहे साल्ट (17 गेंद में 21 रन) उनका पहला शिकार बने। खलील अहमद की जगह उतरे इंपैक्ट खिलाड़ी मनीष पांडे खाता भी नहीं खोल सके और बरार का चौथा शिकार रहे। राहुल चाहर ने मिशेल मार्श (तीन) और अक्षर पटेल (एक) को पवेलियन भेजा। नाथन एलिस को भी दो विकेट मिले। वॉर्नर ने दिल्ली के लिये सर्वाधिक 50 रन बनाए और 23 गेंद की पारी में दस चौके तथा एक छक्का लगाया। उन्होंने आते ही रिषि धवन को पहली दो गेंदों पर दो चौके जड़कर इरादे जाहिर कर दिए थे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें मदद नहीं मिली।

**पंजाब के लिए चला प्रभसिमरन का जादू :** इससे पहले आईपीएल में पहला शतक जमाने वाले प्रभसिमरन के अलावा पंजाब के बाकी बल्लेबाज नाकाम रहे। 22 साल के इस बल्लेबाज ने 61 गेंद में दस चौकों और छह छक्कों की मदद से तिहरे अंक को छुआ। उनका पारी का अंत मुकेश कुमार ने किया जिन्हें 19वें ओवर में गेंद सौंपी गई थी।

# 2046 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए अग्रसर है इंडियन ऑयल : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आर.के. झा ने कहा है कि आगे आने वाले दशकों में पारंपरिक ईंधन की मांग बढ़ने की संभावना है। जो इंडियन ऑयल द्वारा रिफाइनरियों में 2.4 लाख करोड़ के निवेश को औचित्य प्रदान करता है। इसमें पेट्रोकेमिकल यूनिटों का विस्तार भी शामिल है। शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति पेट्रोलियम केमिकल की खपत वर्तमान में 12 किलोग्राम है, जो वैश्विक प्रति व्यक्ति खपत 35 किलोग्राम से काफी कम है। यह अंतर एक जबरदस्त व्यापार अवसर का संकेत देता है जो बढ़ते जीडीपी के साथ आगे बढ़ेगा।

सतत विकास और हरित भविष्य के निर्माण में नेट जीरो प्रतिबद्धता के साथ हरित विकल्पों पर ध्यान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल 2046 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए हरित ईंधन का उत्पादन बढ़ाने, निम्न कार्बन ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि, ताजे पानी के पदचिन्हों को कम करने, हरित ऊर्जा के उपयोग को अधिकतम करने, हरित कवर का विस्तार करने, जैव-विविधता की रक्षा करने, कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने इत्यादि पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी सतत विकास की दिशा में नेट जीरो 2046 लक्ष्य की ओर सार्थक कदम बढ़ा रही है। इसके लिए सभी पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा रहा है। ग्रीन बेल्ट और बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। 445 एकड़ जमीन पर एक लाख 65 हजार पेड़ मुंगेर में लगाए गए और बेगूसराय में भी पेड़ लगाए जा रहे हैं।

## ग्रीष्मकालीन छुट्टी में कटौती का अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** ग्रीष्मकालीन छुट्टी में कटोती का विरोध अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की। इस बावत महासंघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के प्राध्यापकों के ग्रीष्मकालीन छुट्टी में कटौती को लेकर आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया। सभी ने एकमत होकर कहा कि उच्च शिक्षा के प्राध्यापक को पठन - पाठन के लिए तैयारी के साथ ही साथ रिसर्च भी करना पड़ता है। कई विश्वविद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में परीक्षा कार्य एवं मूल्यांकन कार्य के लिए प्राध्यापकों को कार्य करने के लिए विवश किया जाता है। जो बिल्कुल गलत है। एक तरफ केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को सप्ताह में 5 दिनों का कार्य करते हैं। वहीं राज्य के विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों को सप्ताह में 6 दिनों तक कार्य करना पड़ता है। ऑनलाइन बैठक में डा प्रितम कुमार, डा ब्रजेश कुमार, डा सुनीता कुमारी गुप्ता, डा राजकुमार चौबे, डा अजय सिन्हा, डा अंजनी शर्मा, डा दारा सिंह गुप्ता आदि शामिल हुए।

## भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए 246 जगहों पर होगा "राम रमैया"

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेगूसराय।** नए कलाकारों को बड़ा मंच पर प्रदान करने के लिए भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा द्वारा बिहार के 18 जिले सहित देश भर में 246 जगहों पर राम रमैया कार्यक्रम किया जाएगा। इसका सिलसिला शुरू हो गया है। बेगूसराय आए अनूप जलोटा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए देश भर में 246 जगहों पर राम रमैया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका सिलसिला शुरू हो गया है। देश हर के गांव और शहर में छुपे कलाकारों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को उभारने के लिए ॐ कारम द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। टीम द्वारा जिलों को चिन्हित कर कार्यक्रम का सिलसिला शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि बिहार के पटना, दरभंगा, मुंगेर, भागलपुर, छपरा, मोतिहारी, आरा, औरंगाबाद, गया, कटिहार, मधेपुरा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, अररिया, गोपालगंज, बक्सर और सासाराम में राम रमैया कार्यक्रम किया जाएगा। चरणबद्ध आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की बिहार में जल्द ही शुरूआत होगी। फिलहाल उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के बाद अब 14 मई को गाजीपुर में कार्यक्रम होगा।

उन्होंने बताया कि बिहार के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, पुदुचेरी, गोवा, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, असम, मेघालय, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और गुजरात में 246 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 17.83 करोड़ से अधिक की हुई वसूली

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुहल समझौते के आधार पर 7353 वादों का निपटारा करते हुए 17,83,33,064 रुपए की वसूली शनिवार को हुई। लोक अदालत में इसके अलावा 4,28,712 लाभुकों को विभिन्न योजनाओं में 84,50,67,580 रुपयों का लाभ दिया गया। इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकार अध्यक्ष सह प्रधान जज अनिल कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में गठित 8 बेंचों में आपसी सुलह-समझौते से 7353 वादों का निष्पादन करते हुए 17,83,33,064 की वसूली एवं विभिन्न योजनाओं में 84,50,67,580 रुपए का लाभुकों को लाभ दिलाया गया।

## विजय गागराई ने गरीब बेटी की शादी में दी मदद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने इन दिनों लगातार गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक मदद पहुंचा रहे है। इसी क्रम में शनिवार को बंगलाटांड करबला इलाके की चंदा अंसारी की बेटी की शादी में उन्होंने आर्थिक मदद दी। चंदा अंसारी के पति का देहांत हो चुका है। बेटी की शादी को लेकर काफी परेशान थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद डा. विजय सिंह गागराई ने अपने सहयोगियों के माध्यम से आर्थिक मदद पहुंचायी। चंदा अंसारी ने विजय गागराई की ओर से दिए गए मदद पर उनका आभार प्रकट किया। मालूम हो कि कुछ दिनों पूर्व भी विजय गागराई ने बंगलाटांड इलाके में दो गरीब बेटियों की शादी के लिए आर्थिक मदद दी थी। इस मौके पर चुन्नू रहमान, संतोष सिंहदेव, रामराई सामाड, वीर सिंह हांसदा, मारकुस गागराई, जय कुमार देव, बागुन बांकिरा, मनोज बांकिरा आदि उपस्थित रहे।

## अपराध की योजना बनाते सात अपराधी हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सहरसा।** सदर थाना क्षेत्र के फकीर टोला में अपराध की योजना बना रहे 7 अपराधियों को पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें से एक अपराधी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। शनिवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर जिला मुख्यालय डीएसपी एजाज हाफिज मानी ने बताया कि सहरसा जिला अंतर्गत सदर थाना क्षेत्र के शुक्रवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर फकीर टोला वार्ड नंबर 19 में एक अर्ध निर्मित घर के पास डकैती की योजना बना रहे सात संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद हैदर अली, पिता मोहम्मद सलमान, मोहम्मद गुलजार, पिता मोहम्मद तीनकौरी, मोहम्मद जाकिर,पिता मोहम्मद जुबेर,मोहम्मद दिलजार,पिता मोहम्मद करीम,मोहम्मद आकिब आलम, पिता मोहम्मद मंजूर आलम, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राघव झा के पुत्र नीतीश कुमार,डी बी रोड निवासी गुड्डू मुखिया के पुत्र विशाल कुमार की गिरफ्तारी की गई। जिनके पास तलाशी के क्रम में दो देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, 5 मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में सदर थाना के विक्की रविदास, कुलवंत कुमार, अंबिका शर्मा तथा जिला सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। उन्होंने बताया कि मोहम्मद हैदर अली का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 416/ 15 में कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधी को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय मेघा सह निर्धनता छात्रवृति परीक्षा में चार विद्यार्थी सफल

**रमना।** राष्ट्रीय मेघा सह निर्धनता छात्रवृति योजना 2022-23 में वर्ग आठवी के लिए आयोजित छात्रवृति परीक्षा में राजकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग -2 के चार छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी जानकारी के अनुसार इस विद्यालय से कुल 11 विद्यार्थी राष्ट्रीय मेघा सह निर्धनता छात्रवृति परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमे चार ने सफलता हासिल किया।

### वाहन चेकिंग अभियान में एक दर्जन बाइक जप्त

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार भवनाथपुर थाना प्रभारी सहदेव साह ने क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। थाना मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान मेन रोड से आवागमन करने वाले बिना हेल्मेट व बिना कागजात के चलने वाले चालकों को रोका गया। बिना हेल्मेट के वाहन का परिचालन कर रहे लोगों से यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु हेल्मेट का अवश्य प्रयोग का निर्देश दिया गया।

### निजी क्षेत्र में स्थानीयों के लिए 75 फीसदी नियोजन हर हाल में लागू हो : डीसी

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय सभाकक्ष में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। राज्य निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 के अन्तर्गत 'निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए 75 प्रतिशत नियोजन नीति' को लेकर उपायुक्त श्री इमरान ने जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार को ज्यादा से ज्यादा निजी क्षेत्रों में लागू कराने का निर्देश दिया।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**मझिआंव।** घुरुआ में भूमि विवाद में शुक्रवार को दो पक्षों में लाठी एवं गड़ासे से हुई मारपीट के आरोपी क्यामुदिन खान के पुत्र वाजिद को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने वाजिद खान को मझिआंव थाना कांड संख्या 49/23 दिनांक 13/05/23 धारा 341/ 323/ 324/ 307/ 147/ 148 भादवि 3/4 भादवि के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### लॉयन्स ग्रीन ने 120 लोगों को कराया भोजन

**गढ़वा।** लॉयन्स क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने लगातार 45 वें सप्ताह 120 जरुरत मंदो को भोजन की व्यवस्था( फूड फॉर हंगर )रामासाहु उच्च विद्यालय के मैदान में स्थित झुग्गी झोपडी में गुजर बसर करने वालों के लिए किया। यह कार्यक्रम हर सप्ताह स्थान बदल बदल कर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सत्यनारायण प्रसाद अग्रवाल की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर लायंस ग्रीन के सदस्य लायन संतोष अग्रवाल, लायन स्वेता अग्रवाल और लियो तेजस्व अग्रवाल, लियो आयुषी अग्रवाल के द्वारा किया गया। लायन अमित कश्यप ने बताया कि लायंस ग्रीन हमेशा जरुरत मंदो की सेवा निरंतर करता है। इससे बहुत तसल्ली मिलती है। जरुरत मंदो को भोजन प्रदान कर, छोटे-छोटे बच्चे, बूढ़े सबों की खुशी देखकर बहुत अच्छा लगता है।

### आरके पब्लिक में मना वार्षिकोत्सव

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के ऊंचरी गांव में अवस्थित आरके पब्लिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय एवं अभिभावकों ने संयुक्त रूप से विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सीबीएसई पैटर्न पर आधारित कक्षा दसवीं का सत्र 2022-23 के टॉप 5 विद्यार्थियों का प्रकाशन कर सम्मानित किया गया।

## पेज 1 का शेष

### कर्नाटक चुनाव में...

**वर्ष 2018 की स्थिति :** वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा को 104 सीटें मिली थी। कांग्रेस 80, जेडीएस 31 और अन्य को तीन सीटें मिली थी। जीत के तमाम कारणों के बीच एक बड़ा कारण कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को भी माना जा रहा है। यह यात्रा पिछले साल कर्नाटक में 20 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी थी जिनमें से 15 सीटों पर शनिवार को पार्टी के उम्मीदवारों की जीत हुई है। **मैं हार की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं : बोम्मई-** कर्नाटक चुनाव में मिली हार की जिम्मेदारी लेते हुए सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा कि हार की जिम्मेदारी पूरी तरह से उनकी है। उन्होंने कहा कि वह हार का विश्लेषण करेंगे। आने वाले दिनों में एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 'काफी संगठित' चुनाव रणनीति उसकी जीत के प्रमुख कारणों में से एक हो सकती है। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने कहा, हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं और अपनी गलतियों को सुधार कर लोकसभा चुनाव जीतने के लिए संगठनात्मक और प्रशासनिक रूप से सभी जरूरी तैयारियां करेंगे।

### भारत से लेकर बांग्लादेश...

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेंद्र कुमार जेनामणि ने कहा, 'उत्तर हिंद महासागर से उठा इस साल यह पहला चक्रवात है। रविवार को तूफान बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के पास दस्तक दे सकता है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि चक्रवात से बांग्लादेश के दक्षिण-पूर्वी सीमावर्ती कॉक्स बाजार के प्रभावित होने की आशंका है, जहां 10 लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी रहते हैं। उनमें से अधिकांश म्यांमा में 2017 की सैन्य कार्रवाई के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश भागकर आ गये थे। बांग्लादेश के अधिकारियों ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट से लाखों लोगों को हटाने का आदेश दिया, क्योंकि देश में बहुत खतरनाक उष्णकटिबंधीय चक्रवात दस्तक देने वाला है। इससे रोहिंग्या शरणार्थी शिविर को खतरा उत्पन्न होने की आशंका है। **साल 2008 के बाद सबसे बड़ा तूफान :** शनिवार को म्यांमार सितवे के निवासियों ने कारों, ट्रकों और टुकटुक में संपत्ति और पालतू जानवरों को इकट्ठा करके दूसरी जगह के लिए बढ़ गए। सितवे के करीब 150,000 लोगों ने शहर में दुकानें और बाजार बंद हो गये। कई स्थानीय लोगों ने मठों में शरण ली है। साल 2008 में म्यांमार में तूफान आया था जिसने दक्षिणी म्यांमार में 130,000 से अधिक लोगों की जान ले ली थी। म्यांमार के जुंटा अधिकारी रखाइन तट के पास के गांवों से निकासी की निगरानी कर रहे थे। म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल ने कहा कि रखाइन राज्य के लिए उसकी सभी उड़ानें सोमवार तक निलंबित कर दी है। **एक लाख के अधिक मारे गये थे :** मई 2008 में चक्रवात 'नरगिस' से म्यांमार का दक्षिण पश्चिम अय्यरवाडी या इरावडी क्षेत्र प्रभावित हुआ था और इरावडी नदी तट के आसपास के इलाकों में भारी तबाही मची थी। इस आपदा के कारण कम से कम 138,000 लोगों की मौत हुई थी और हजारों मकान एवं इमारतें बह गये थे। बांग्लादेश 16 करोड़ लोगों की आबादी वाला देश है जहां बाढ़ एवं चक्रवातों जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर आती है।

### झारखंड नेत्र सोसाइटी...

पोस्ट ग्रैजुएट छात्रों के प्रशिक्षण, ग्लूकोमा, नेत्रदान, मोतियाबिंद, डायबेटिक रेटिनोपैथी के लिए पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पूरे राज्य में नेत्र चिकित्सा की नयी विधियों से चिकित्सकों को अवगत कराने के लिए सेमिनार के आयोजन का निर्देश भी दिया गया। झारखंड में सर्वश्रेष्ठ काम होने की वजह से सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि इस सम्मान से झारखंड का नाम देशभर में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से उभरा है। इसमें कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, बोकारो जेनेरल हॉस्पिटल, गांधीनगर हॉस्पिटल, सीसीएल व रिम्स रांची, साथ ही डॉ एनडी मिश्रा, डॉ पिंकी पाल, डॉ राशि श्याम, डॉ विवेक केडिया, डॉ विनय गुप्ता।

स्पीड न्यूज

## झारसुगुड़ा में बीजद के दीपाल दीस जीतीं

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बीजद ने शनिवार को झारसुगुड़ा विधानसभा सीट बरकरार रखी, क्योंकि उसकी उम्मीदवार दीपाली दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के टंकधर त्रिपाठी को 48,721 मतों से हराया। दास को कुल 1,07,198 वोट मिले, जबकि त्रिपाठी को 58,477 वोट मिले। अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार तरुण पांडेय 4,496 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। दीपाली ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की बेटी हैं, जिनकी जनवरी में एक पुलिस अधिकारी द्वारा कथित तौर पर हत्या कर देने से इस सीट पर उपचुनाव हुआ।

## मोखा मे बांग्लादेश में हाई अलर्ट जारी

**ढाका।** बांग्लादेश के प्राधिकारियों ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट से लाखों लोगों को हटाने का आदेश दिया, क्योंकि देश में बहुत खतरनाक उष्णकटिबंधीय चक्रवात दस्तक देने वाला है। इससे रोहिंग्या शरणार्थी शिविर को खतरा उत्पन्न होने की आशंका है। लगभग दो दशकों में बांग्लादेश में देखे गए सबसे शक्तिशाली चक्रवातों में से एक चक्रवात मोखा के रविवार को बांग्लादेश-म्यांमा सीमा के पास दस्तक देने का पूर्वानुमान जताया गया है।

## उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारामूला जिले के उरी सेक्टर में तड़के आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की, लेकिन जवानों ने इसे विफल कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच कुछ देर हुई गोलीबारी के बाद पाकिस्तान की ओर से घटना स्थल पर एक क्वाडकॉप्टर उड़ाया गया।

## पाक में जेल से 198 भारतीय मछुआरे रिहा

**कराची।** पाकिस्तानी जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में कराची की एक जेल में बंद 198 भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने रिहा कर दिया और उन्हें वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। मछुआरों को गुरुवार शाम में कराची की मलीर जेल से रिहा किया गया।

## पाक में ट्विटर और यूट्यूब पर रोक जारी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) को सोशल मीडिया को बहाल करने के लिए अभी कोई नया निर्देश नहीं मिला है यानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक, यूट्यूब पर रोक अभी जारी रहेगी। प्राधिकरण के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीटीए के प्रवक्ता ने देश भर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बहाल करने के लिए कोई निर्देश नहीं मिला है।

# कांग्रेस के लिए संजीवनी बनी भारत जोड़ो यात्रा

## कर्नाटक के 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी यात्रा, 15 में लहराया परचम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का एक बड़ा श्रेय भारत जोड़ो यात्रा को दिया और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा बनाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमर्श में राहुल गांधी द्वारा निकाली गई पदयात्रा ही स्पष्ट विजेता साबित हुई है।

भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई, जबकि जनता दल (सेक्युलर) को तीन और भारतीय जनता पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन 20 सीट में से कांग्रेस को सिर्फ पांच सीट पर ही जीत मिली थी। पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का यह भी मानना है कि इस यात्रा ने कर्नाटक में कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम किया और कार्यकताओं में नया जोश पैदा किया, जो चुनावी जीत में मददगार रही।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के संगठन के लिए संजीवनी रही। इस यात्रा से पार्टी संगठन और एकजुटता को ताकत मिली तथा कार्यकताओं में नया जोश पैदा हुआ। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा के विमर्श ने प्रधानमंत्री मोदी से जुड़े विमर्श को पराजित कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत भारतीय राजनीति में एक विशेष विमर्श के साथ आरंभ हुई, जिसका इंतजार भारत के लोग कर रहे थे। कर्नाटक में ह्यभारत जोड़ो यात्रा करीब 22 दिनों तक रही। आपको वो दृश्य याद होगा कि पिछले साल अक्टूबर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मूसलाधार बारिश में भी राहुल गांधी का भाषण जारी रहा। मुझे लगता है कि ये दृश्य लोगों के दिमाग में मौजूद रहे। उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा का संदेश कर्नाटक समेत पूरे देश में गया।

खेड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव विमर्श की लड़ाई होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनाम भारत जोड़ो यात्रा के विमर्श में यात्रा स्पष्ट विजेता है। कांग्रेस के मुताबिक, उसकी यात्रा कर्नाटक के 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 सीट कांग्रेस ने जीती है। इनमें बेल्लारी जिले की बेल्लारी एवं बेल्लारी शहर विधानसभा सीट, चामराजनगर जिले की गुंडुलपेट विधानसभा सीट, चित्रदुर्ग जिले की हिरियूर एवं मोलकालामुरू विधानसभा सीट और मांड्या जिले की मेलुकोट (सहयोगी), नागमंडगला और श्रीरंगपटना विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मांड्या जिले में भारत जोड़ो यात्रा का हिस्सा बनी थीं। राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने पिछले साल सात सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी। यात्रा 30 सितंबर को चामराजनगर जिले से कर्नाटक में दाखिल हुई थी और यह करीब 22 दिनों तक प्रदेश में रही। करीब चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा का इस साल 30 जनवरी को श्रीनगर में समापन हुआ था।

### इन इलाकों में हई जीत

बेल्लारी एवं बेल्लारी शहर विधानसभा सीट, चामराजनगर जिले की गुंडुलपेट विधानसभा सीट, चित्रदुर्ग जिले की हिरियूर एवं मोलकालामुरू विधानसभा सीट और मांड्या जिले की मेलुकोट (सहयोगी), नागमंडगला और श्रीरंगपटना विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इसके साथ ही मैसुरू जिले की नांनजनगौड़ एवं वरुणा, रायचूर जिले की रायचूर ग्रामीण विधानसभा सीट, तुमकुरू जिले की गुब्बी और सीरा विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है।





शिमला में बजरंगबली की पूजा करती प्रियंका गांधी।

## राहुल गांधी बोले-नफरत का बाजार हुआ बंद, मोहब्बत की दुकान खुली

नयी दिल्ली। कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत पर राहुल गांधी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक का चुनाव गरीब जनता बनाम अमीर की लड़ाई थी। कर्नाटक में जनता की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ है, मोहब्बत की दुकान खुली है। उन्होंने ने कहा कि राज्य में मोहब्बत की जीत हुई है और नफरत हारी है। कर्नाटक की जनता को मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही राहुल ने मीडिया से बात करते हुए एक बड़ा ऐलान भी कर दिया। पांच वादों को पहले दिन पहली कैबिनेट में पास करेंगे : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक की जनता से हमने 5 वादे किए थे, हम इन वादों को पहले दिन पहली कैबिनेट में पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मैं कर्नाटक के हमारे कार्यकताओं को, हमारे नेताओं को बधाई देता हूं। कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में गरीबों के साथ खड़ी हुई। हमने प्यार से ये लड़ाई लड़ी।

कर्नाटक ने दिखाया कि इस देश को मोहब्बत अच्छी लगती है।₹ बता दें कि कर्नाटक में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। बता दें कि कांग्रेस ने राज्य में पार्टी के सत्ता में आने पर पांच गारंटी को लागू करने का वादा किया है। इनमें सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की (गृह ज्योति) योजना, हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये मासिक सहायता देने की (गृह लक्ष्मी) योजना, बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो चावल मुफ्त देने की (अन्ना भाग्य) योजना आदि शामिल हैं।

### कर्नाटक की जीत देश को जोड़ने वाली राजनीति की जीत : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद शनिवार को प्रदेश की जनता का आभार जताया और कहा कि यह देश को जोड़ने वाली राजनीति की जीत है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए धुआंधार प्रचार करने वाली प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया कि कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए कर्नाटक की जनता को तहे दिल से धन्यवाद। ये आपके मुद्दों की जीत है। यह कर्नाटक की प्रगति के विचार को प्राथमिकता देने की जीत है। यह देश को जोड़ने वाली राजनीति की जीत है।

# योगी की आंधी में बबुआ और बुआ का सूफड़ा साफ

## यूपी नगर निगम चुनाव में सभी 17 सीटों पर लहराया भगवा

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में योगी आदित्यनाथ की आंधी में विपक्ष का सूफड़ा साफ। भाजपा ने नगर निगम की सभी 17 सीटों पर भगवा लहरा दिया है। पिछले चुनाव में 16 नगर निगम में अलीगढ़ और मेरठ सपा के खाते में गयी थी मगर इस बार भाजपा ने न सिर्फ अलीगढ़ और मेरठ पर कब्जा किया बल्कि नयी नवेली शाहजहांपुर सीट पर भी विजय पताका फहरायी। यहां की पहली नागरिक बनने का गौरव भाजपा उम्मीदवार अर्चना वर्मा को मिला। भाजपा ने सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे।

इनमें से कानपुर, बरेली व मुरादाबाद में भाजपा ने निवर्तमान महापौर पर ही दांव लगाया था जबकि अन्य सभी सीटों पर नए कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा था। 17 में से 17 सीटों पर योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों पर आमजन ने मुहर लगाई और कमल खिलाया। पार्टी सूत्रों का दावा है कि आम जनता ने उम्मीदवारों के नाम जाति पर गौर न कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली से खुश होकर अपना वोट भाजपा के पक्ष में दिया है क्योंकि कानपुर समेत कुछ अन्य नगर निगमों में लोगबाग मौजूदा मेयर के रवैये से खासे आहत थे।भाजपा और योगी के प्रति आमजन का विश्वास है कि पार्टी के चार प्रत्याशियों ने दूसरी बार महापौर बनने का गौरव हासिल किया।



कानपुर से प्रमिला पांडेय, मुरादाबाद से विनोद अग्रवाल और बरेली से उमेश गौतम अनवरत दूसरी बार महापौर बने, जबकि हरिकांत अहलूवालिया इसके पहले भी मेरठ के महापौर रह चुके हैं। झांसी में भाजपा के बिहारी लाल ने सबसे पहले जीत हासिल की। लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा की वंदना मिश्रा को करीब 52 हजार 699 मतो से हराया। भाजपा उम्मीदवार को एक लाख 16 हजार 205 वोट मिले जिसके मुकाबले में सपा प्रत्याशी को 63 हजार 506 वोटों से संतोष करना पड़ा। गोरखपुर नगर निगम में भाजपा के डा मंगलेश श्रीवास्तव ने सपा की काज निषाद को 60 हजार 885 वोटों से शिकस्त दी। वाराणसी में भाजपा के अशोक तिवारी सपा के ओम प्रकाश सिंह को करीब 60 हजार मतो से हराया। प्रयागराज में भाजपा के गणेश चंद्र उमेश केसरवानी ने भगवा लहराया। अयोध्या में भाजपा के गिरीश पति त्रिपाठी ने सपा के आशीष पांडेय दीपू से करीब 35625 मतों से हराया। कानपुर में भाजपा की प्रमिला पांडेय ने सपा की वंदना वाजपेयी को हराया जबकि अलीगढ़ में भाजपा के प्रशांत सिंघल विजयी हुये। मेरठ में हरिकांत अहलूवालिया और झांसी में बिहारी लाल आर्य ने भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जीत दर्ज की।

शाहजहांपुर 17वें नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अर्चना वर्मा ने काग्रेस प्रत्याशी निगहत इकबाल को 30256 वोटो से हरा कर जीत दर्ज कराई। सहारनपुर नगर निगम में भाजपा के महापौर उम्मीदवार डा. अजय सिंह ने बसपा उम्मीदवार खतीजा बेगम को 7972 वोटों के अंतर से हराया। नगर निगम मथुरा वृन्दावन के मेयर के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी बसपा के राजा मोहतशिम अहमद को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया।

जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल को एक लाख 45 हजार 720 मत मिले जबकि बसपा के मोहतशिम अहमद को 35 हजार 191 मतों पर ही संतोष करना पड़ा।

मुरादाबाद में नगर निकाय चुनाव मतगणना में भाजपा प्रत्याशी विनोद अग्रवाल ने 121415 मत प्राप्त कर जीत की हैट्रिक लगाई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी को 3589 वोटों से पराजित किया।

### दारूल उलूम देवबंद में पहली बार खिला कमल

देवबंदी मसलक के मजहबी एवं तालीमी केंद्र विश्व विख्यात दारूल उलूम देवबंद की धरती पर भाजपा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव भारी मतों से जीतकर नया इतिहास रचा है। करीब 65 फीसद मुस्लिम आबादी के नगर देवबंद में दूसरी बार गैर मुस्लिम पालिका अध्यक्ष की कुर्सी के लिए चुना गया है। 80992 मतदाताओं वाली इस पालिका के लिए आज हुई मतगणना में भाजपा उम्मीदवार विपिन गर्ग ने 22 हजार 659 मत प्राप्त किए। उन्होंने पूर्व विधायक एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष माविया अली की पत्नी पूर्व पालिकाध्यक्ष सपा उम्मीदवार जहीर फात्मा को 4703 मतों के भारी अंतर से पराजित कर देवबंद में कमल खिला दिया।

# बोम्मई ने ली हार की पूरी जिम्मेदारी

एजेंसी

**शिग्गांव ।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि वह विधानसभा चुनावों में भाजपा की हार की पूरी जिम्मेदारी लेंगे और पार्टी आने वाले दिनों में एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में काम करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बहुत संगठित चुनावी रणनीति उसकी जीत के प्रमुख कारणों में से एक हो सकती है। बोम्मई ने यहां पत्रकारों से चर्चा में कहा कि चुनाव परिणाम अंतिम चरण में हैं। मैं जनादेश को अत्यंत सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। मैं भाजपा की इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं, किसी और की जिम्मेदारी नहीं है। राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में मैं जिम्मेदारी लेता हूं। इस हार का पूरा



विश्लेषण करने की आवश्यकता है, क्योंकि इसके कई कारण हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी हर निर्वाचन क्षेत्र में प्रदर्शन का विस्तार से विश्लेषण करेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी कमियों को दूर करने की कोशिश करेंगे, खुद को संगठित करेंगे और पार्टी एक बार फिर वापसी करेगी। हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं और अपनी गलतियों को सुधारते हुए लोकसभा चुनाव जीतने के लिए संगठनात्मक और प्रशासनिक रूप से सभी आवश्यक तैयारियां करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करिश्मा काम नहीं आया, मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परिणाम के कई कारण हैं और कोई भी गहन विश्लेषण के बाद ही इसके बारे में बात कर सकता है।

### रचनात्मक विपक्ष के रूप में करेंगे काम : चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक चुनाव में भाजपा की हार स्वीकार करते हुए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि जनता के इस फैसले का सम्मान करते हैं और उसे स्वीकार करते हैं। शनिवार को ट्वीट करके उन्होंने कहा कि हम एक रचनात्मक विपक्ष के रूप में अपने राज्य और अपने लोगों के लिए योगदान देंगे।

## मोदी-नड्डा ने दी निकाय चुनाव में जीत की बधाई

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा समेत कई केन्द्रीय मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में शनिवार को भाजपा को मिली बंपर जीत की बधाई दी है। श्री मोदी ने ट्वीट किया कि निकाय चुनावों में इस शानदार विजय के लिए उत्तर प्रदेश भाजपा के सभी कार्यकताओं और उम्मीदवारों को बहुत-बहुत बधाई। यह सफलता श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे अभूतपूर्व विकास को लेकर जन-जन के समर्थन को अभिव्यक्त करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कि उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और प्रदेश भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह विजय आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में क्रियान्वित हो रही समावेशी व कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास की जीत है।

## जालंधर में जीता आप

**जालंधर।** पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट के लिये गत 10 मई को हुये उपचुनाव की शनिवार को हुई मतगणना में आम आदमी पार्टी (आप) उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू ने कांग्रेस का गढ़ ध्वस्त करते हुये ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। श्री रिंकू ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस की करमजीत कौर चौधरी को 58691 मतों के अंतर से पराजित किया।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# अमेरिका-कनाडा में रिलीज हुई द केरल स्टोरी

वाशिंगटन। अमेरिका और कनाडा के 200 से अधिक सिनेमाघरों में शुक्रवार को विवादित फिल्म द केरल स्टोरी रिलीज हुई। निर्देशक सुदीप्तो सेन ने कहा है कि यह फिल्म एक मिशन है, जो सिनेमा की रचनात्मक सीमाओं से परे है। सेन ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारतीय और अमेरिकी पत्रकारों के समूह से कहा कि देश केरल राज्य में लंबे समय से जारी समस्या को अनदेखा कर रहा था। द केरल स्टोरी एक मिशन है, जो सिनेमा की रचनात्मक सीमाओं से परे है, एक ऐसा आंदोलन है जिसे दुनिया भर के लोगों तक पहुंचना चाहिए और जागरूकता बढ़ानी चाहिए। फिल्म के निर्माता विपुल शाह ने कहा कि फिल्म में जो दिखाया गया है, उसे लोगों से छिपाया गया था और इसे बताया जाना चाहिए था। हमने दुनिया भर में इस बारे में चर्चा शुरू करने के लिए फिल्म बनाई। फिल्म में तीन लड़कियों की कहानी बताई गई है जो कथित तौर पर इस्लाम धर्म कबूल करके आईएसआईएस में शामिल हो गई थीं। भाजपा सहित हिंदू दक्षिणपंथियों ने इस फिल्म का समर्थन किया है।



## अक्षय कुमार ने बदला कैप्सूल गिल का नाम

अक्षय कुमार जल्द फिल्म कैप्सूल गिल में रियल लाइफ हीरो की जिंदगी परदे पर उतारते नजर आएंगे। फिल्म में अक्षय कुमार माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल के किरदार में दिखाई देंगे। यह भारत का पहला कोल माइन रेस्क्यू है। अब निर्माताओं ने फिल्म का नाम बदल दिया है। सूत्रों के मुताबिक फिल्म का नाम अब द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू रखा गया है। यह फिल्म एक अविश्वसनीय वास्तविक रेस्क्यू मिशन पर आधारित है और द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू से बेहतर टाइटल क्या हो सकता है। फिल्म की शूटिंग पिछले साल यॉर्कशायर में हुई थी। ये फिल्म पूर्व अतिरिक्त मुख्य खनन अभियंता स्वर्गीय जसवंत गिल पर आधारित है, जिन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल के रानीगंज में एक बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे 65 लोगों की जान बचाई थी।

